उज्जैन
गुरुवार
19
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-134
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

शुभ गुड़ी पाड़वा

## राहुल टपोरी की तरह संसद में आते हैं, उन्हें देखकर महिलाएं अनकम्फर्टेबल फील करती हैं



**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद कंगना रनौत ने बुधवार को संसद के बाहर कहा- राहुल को देखकर हम महिलाओं को काफी अनकम्फर्टेबल फील होता है। उन्होंने कहा- वह टपोरी की तरह आते हैं, तू-तड़ाक करते हैं। इंटरव्यू दे रहे लोगों को परेशान करते हैं। कहते हैं- आजा-आजा। उन्हें अपनी बहन को देखना चाहिए। उनका व्यवहार बहुत अच्छा है। कंगना का यह बयान उस विवाद के बाद आया है, जिसमें 12 मार्च को संसद परिसर के मकर द्वार पर राहुल गांधी के चाय-नाश्ता करने को लेकर आलोचना हुई थी। इस मामले में 84 पूर्व ब्यूरोक्रेट्स, 116 पूर्व सैनिक और 4 वकीलों ने एक ओपन लेटर लिखकर राहुल गांधी से देश के लोगों से माफी की मांग की है।

## सेंसेक्स 1600 अंक गिरकर 75,100 पर आया, निफ्टी में 500 अंकों की गिरावट

**मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी 19 मार्च को गिरावट है। सेंसेक्स करीब 1600 अंक (2.10%) गिरकर 75,100 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में भी 500 अंक (2.08%) की गिरावट है, यह 23,300 से नीचे आ गया है। आज बैंकिंग और ऑटो शेयरों में बिकवाली है। जियोपॉलिटिकल तनाव और जंग जैसी स्थिति में महंगाई बढ़ने का खतरा रहता है। इससे कंपनियों का मुनाफा कम हो सकता है। ऐसे में निवेशक उनके शेयर बेचना शुरू कर देते हैं और इसे सुरक्षित जगह निवेश करते हैं। इससे बाजार में गिरावट आती है। ईरान-इजराइल युद्ध से सप्लाई चेन बिगड़ने का डर। कच्चे तेल के दाम बढ़कर 112 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गए हैं। अमेरिका और एशियाई बाजारों में गिरावट का असर भारत पर।

## कांग्रेस सांसद का इस्तीफा बीजेपी में शामिल होने पर मचा बवाल



**गुवाहाटी।** असम की राजनीति में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बड़ा उलटफेर देखने को मिला है, जहां प्रद्युत बोरदोलोई ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देकर सत्तारूढ़ भाजपा का दामन थाम लिया। इस घटनाक्रम ने राज्य की सियासत में हलचल तेज कर दी है और राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है। कांग्रेस ने इस फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है, जबकि इसे व्यक्तिगत निर्णय करार दिया है। असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगाई ने बुधवार को इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पार्टी बोरदोलोई के इस कदम से निराश है, लेकिन इसे उनका निजी फैसला मानती है।

## ओडिशा अस्पताल अग्निकांड में 4 अफसर सस्पेंड

**कटक।** कटक के श्रीराम चंद्र भंज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आग लगने की घटना के दो दिन बाद ओडिशा सरकार ने 4 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। इनमें अग्निशमन सेवा के 3 और विद्युत विभाग का एक अफसर शामिल है। इस बीच, विपक्षी पार्टी बीजू जनता दल ने चार जूनियर अधिकारियों के निलंबन को सिर्फ दिखावा बताया। बीजेडी के प्रवक्ता लेनिन मोहंती ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने इतने संवेदनशील मामले को लेकर बहुत ही लापरवाही भरा रवैया अपनाया है। दरअसल, एससीबी मेडिकल कॉलेज में 14-15 मार्च की दरमियानी रात करीब 3 बजे आग लगी थी। हादसे में मरने वाले मरीजों की संख्या 12 हो गई है। इनमें से 7 ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, 5 की मौत इलाज के दौरान हुई।

# सूर्य को अर्घ्य देकर हिंदू नववर्ष की शुरूआत

### गुड़ी पड़वा पर सीएम करेंगे तरणताल-नैवेद्य लोक का लोकार्पण, गायक विशाल मिश्रा की भी प्रस्तुति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गुरुवार को गुड़ी पड़वा के अवसर पर हिंदू नववर्ष और विक्रम संवत का शुभारंभ उत्साह और आस्था के साथ हुआ। सुबह श्रद्धालु रामघाट पर एकत्र होकर शिप्रा नदी में पूजन किया इस दौरान महिलाओं ने शंख बजाकर नववर्ष का आगाज कर और सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं ने भी शिप्रा तट पर विशेष अनुष्ठान आयोजित किए।

सुबह गुड़ी पडवा पर्व पर नववर्ष की शुरूआत शिप्रा नदी के रामघाट पर पण्डे पुरोहित के साथ कुलगुरु अर्पण भारद्वाज, राम राजेश मिश्र, पंडित राजेश त्रिवेदी, माया त्रिवेदी, रमण सोलंकी सहित कई महिला पुरुष और विद्वान एकत्रित हुए, महिलाओ ने शंख बजाकर नव वर्ष की शुरूआत की तो वहीं बड़ी



संख्या में लोगों ने सूर्य को अर्घ्य देकर हिन्दू नववर्ष की शुरूआत की।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, सृष्टि के आरंभ में भगवान महाकाल की प्रेरणा से ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी। इसी कारण गुड़ी पड़वा के दिन ब्रह्मध्वज का विशेष महत्व माना जाता है। महाकालेश्वर मंदिर सहित शहर के प्रमुख मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ब्रह्मध्वज स्थापित कर ध्वजारोहण किया जाएगा।

### दोपहर में विकास कार्यों का लोकार्पण

दोपहर में मुख्यमंत्री मोहन यादव उज्जैन पहुंचेंगे और नानाखेड़ा क्षेत्र में 56 दुकान की तर्ज पर विकसित 36 दुकानों के कॉम्प्लेक्स तथा नए स्विमिंग पूल (तरणताल) का लोकार्पण करेंगे। नगर निगम द्वारा करीब 8.30 करोड़ रुपए की लागत से तैयार इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के तरणताल में 2550 मीटर का मुख्य पूल बनाया गया है, जिसकी गहराई 4.5 से 6.15 फीट तक है। बच्चों के लिए 2.5 से 3 फीट गहराई वाला अलग वार्मअप पूल भी तैयार किया गया है। इस अत्याधुनिक परिसर में 200 से अधिक लोगों की क्षमता वाली विजिटर गैलरी, पार्किंग, फूड कोर्ट, सिटिंग एरिया, पार्क, आधुनिक फिल्टर प्लांट, शावर और वेटिंग रूम जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। शाम को शहर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें ड्रोन शो और लेजर शो मुख्य आकर्षण रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे।

## प्रसिद्ध पार्श्वगायक विशाल मिश्रा महाकाल की शरण में



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हिंदू नववर्ष पर शिप्रा नदी किनारे होने वाले कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के लिए उज्जैन पहुंचे ख्यात संगीतकार और पार्श्वगायक विशाल मिश्रा गुरुवार तड़के महाकाल मंदिर की भस्म आरती में शामिल हुए। विशाल ने नंदी हॉल में बैठकर भगवान महाकाल की आरती देखी। तड़के चार बजे विशाल मिश्रा महाकल मंदिर पहुंचे, यहां उन्होंने करीब दो घंटे तक आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। इस दौरान वे भगवान महाकाल की भक्ति में लीन नजर आए। मिश्रा ने आरती के बाद नंदी जी का पूजन कर देहरी से भगवान महाकाल को जल अर्पित कर महाकाल को नमन किया।


# कतर के सबसे बड़े गैस प्लांट पर हमला

### विदेश मंत्रालय बोला- ईरान ने हद पार की, ईरान की धमकी- लारीजानी की हत्या का बदला लेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 20वां दिन है। ईरान ने बुधवार रात को कतर के सबसे बड़े गैस प्लांट रास लफान पर मिसाइल हमला किया। हमले के बाद वहां आग लग गई और काफी नुकसान हुआ, जिसे काबू करने के लिए तुरंत इमरजेंसी टीमें भेजी गईं।

कतर ने इस हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया है। कतर के विदेश मंत्रालय का कहना है कि ईरान ने रेड



लाइन पार कर दी है क्योंकि उसने आम लोगों और जरूरी जगहों को निशाना बनाया। कतर ने कहा कि ऐसे हमले से पूरे इलाके में हालात बिगड़ सकते हैं, इसलिए सभी देशों को मिलकर तनाव कम करना चाहिए और शांति बनाए रखने की कोशिश करनी चाहिए। वहीं ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने धमकी दी है कि सिक्योरिटी चीफ अली लाराजानी की हत्या का बदला लिया जाएगा। खामेनेई ने चेतावनी दी है कि हर खून की एक कीमत होती है। अमेरिका-इजराइल ने बुधवार को दक्षिणी ईरान में साउथ पार्स गैस फील्ड और असालुयेह शहर की तेल-गैस सुविधाओं पर एयरस्ट्राइक की। साउथ पार्स दुनिया की सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस फील्ड मानी जाती है।

## आज वृंदावन में प्रेमानंद जी महाराज का जन्मोत्सव मनाया जा रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वृन्दावन

प्रेमानंद गोविंद शरण महाराज का जन्मदिन (जन्मोत्सव) वर्ष 2026 में 19 मार्च को मनाया जा रहा है। महाराज जी का जन्मोत्सव प्रतिवर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के आस-पास आयोजित किया जाता है। वृन्दावन स्थित उनके आश्रम में 13 से 19 मार्च तक जन्म दिवस का विशेष उत्सव आयोजित किया गया। महाराज का जन्म 30 मार्च 1969 को हुआ था।



# ग्रामीण क्षेत्रों में दिसंबर 2028 तक नल से शुद्ध जल उपलब्ध होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पूरे प्रदेश के साथ ही अब उज्जैन जिले के भी ग्रामीण क्षेत्रों में हर परिवार को दिसंबर 2028 तक नल से शुद्ध जल उपलब्ध होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जल जीवन मिशन 2.0 (जेजेएम 2.0) योजना को मंजूरी देते हुए इसे दिसंबर 2028 तक बढ़ा दिया। योजना के पहले ही दिन मध्यप्रदेश सरकार और केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के बीच केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटील की नई दिल्ली में और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की वर्चुअल उपस्थिति में एमओयू साइन किया गया। मिशन के लिए कुल व्यय बढ़ाकर 8.69 लाख करोड़ रुपये किया गया है, जिसमें केंद्र सरकार की सहायता 3.59 लाख करोड़ रुपये होगी।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जल जीवन मिशन 2.0 के अनुमोदन के लिए प्रदेश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार दिसंबर 2028 तक जल जीवन मिशन के सभी कार्य पूर्ण कर प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि



यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन्ना, मध्य प्रदेश सरकार में जल शक्ति मंत्री संपतिया उइके सहित केंद्र और राज्य के संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। प्रदेश में 8 मार्च से 22 मार्च तक जल महोत्सव के अंतर्गत जल संरक्षण और जनजागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पूरी हो चुकी योजनाओं का हस्तांतरण निर्वाचित प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सहभागिता से जल अर्पण उत्सव के रूप में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य कैबिनेट ने ह्यमध्य प्रदेश पंचायत (ग्रामीण नलजल योजना संचालन-संधारण एवं प्रबंधन नीति), 2026 को मंजूरी देकर ग्राम पंचायतों को योजनाओं के संचालन और रखरखाव में सशक्त बनाने का निर्णय लिया है।



## खबर एक नजर...

### नवाखेड़ा में परिवार के 2 पक्षों में चले लात-घूंसे

**उज्जैन।** नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के इंदौररोड स्थित ग्राम नवाखेड़ा में रहने वाले शिवा पिता रमेश नाथ बामनिया 32 साल और पप्पू उर्फ अमरनाथ बामनिया 45 साल के बीच मामूली बात पर कहासुनी हो गई। दोनों ने गाली-गलौच करते हुए एक-दूसरे के साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। पप्पूनाथ के साथ मारपीट होती देख बाबूराम भी आ गया। दोनो ओर से हुई मारपीट में एक पक्ष से बाबूराम और पप्पू को चोंट आई। दूसरी ओर से शिवा घायल हुआ। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज किया है।

### कार-बाइक की टक्कर में नाबालिग घायल

**उज्जैन।** ग्राम नारेला और कलमोडा के बीच कार और बाइक के बीच टक्कर हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार 17 वर्षीय आर्यन पिता भैरुलाल रेशमिया निवासी ग्राम सिकन्दरखेड़ा घायल हो गया। वह पिता के साथ बाइक से घर लौट रहा था। इंगोरिया थाना पुलिस ने पिता की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जो टक्कर मारने के बाद मौके से भाग निकला था।

### रिजर्वेशन कार्यालय के पास मिलेंगे सामान्य टिकट, प्लेटफॉर्म एक से शिफ्ट करेंगे काउंटर

**उज्जैन।** प्लेटफॉर्म नंबर एक पर स्थित सामान्य टिकट काउंटर को रिजर्वेशन कार्यालय के पास शिफ्ट किया जाएगा। इसका लाभ सिंहस्थ में आने वाले यात्रियों को मिलेगा। महाप्रबंधक, पश्चिम रेलवे (प्रभारी) प्रदीप कुमार ने यह बात कही। वे बुधवार को यहां आए। उन्होंने सिंहस्थ, निर्माण कार्यों, ट्रेन के संचालन से लेकर यात्री सुविधाओं को लेकर चर्चा की। महाप्रबंधक ने कहा कि सिंहस्थ के लिए रेलवे ने तैयारियां तेज कर दी है। इसमें उज्जैन के पास सबस्टेशन को नया रूप दिया गया है। यात्रियों की सुविधा के अनुसार ट्रेन का संचालन भी बढ़ाया जाएगा। मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को रेलवे का पूरा सहयोग मिल रहा है। इसके अलावा जनता खाना क्यों बंद किया, इस संबंध में उनका कहना है मुख्यालय से जानकारी लेंगे और उसे जल्द ही शुरू करवाया जाएगा। रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य महेंद्र गादिया, विजय अग्रवाल और राजेश शर्मा ने उन्हें मांगों से अवगत करवाया।

### सिंहस्थ में सतत बिजली आपूर्ति के लिए चिंतामन में सब स्टेशन का काम शुरू

**उज्जैन।** सिंहस्थ-2028 में निर्बाधित बिजली आपूर्ति के लिए तेजी से काम हो रहे हैं। इसी क्रम में प्रथम चरण में 132 केवी के लिए चिंतामन में सब स्टेशन के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। इसके अलावा उज्जैन-चंद्रावती गंज एवं देपालपुर-चिंतामन 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन का लाइन-इन-लाइन आउट कार्य भी करवाया जा रहा है। एक महीने के इस मेले में करीब 30 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। मेले के दौरान बिजली की खपत कई गुना बढ़ जाएगी। इसका आंकलन करने के बाद अब बिजली कंपनी ने उसकी आपूर्ति के लिए अपने उपक्रम व सिस्टम को अपग्रेड करना शुरू कर दिया है। कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी दावा करते हैं कि इन सभी कामों के पूरा होने पर बिजली की आपूर्ति निर्बाधित रूप से बनी रहेगी।

### भाविप विक्रमादित्य में प्रशांत पाटीदार को फिर अध्यक्ष चुना, विशाल सचिव बने

**उज्जैन।** भारत विकास परिषद विक्रमादित्य के वर्ष 2026-27 के चुनाव सर्वसम्मति से हुए। इसमें प्रशांत पाटीदार को दूसरी बार अध्यक्ष चुना गया। विशाल पाटीदार सचिव और आनंद श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। परिषद के प्रवक्ता सीपी पाटीदार और सुनील शर्मा के अनुसार चुनाव प्रांतीय पर्यवेक्षक व चुनाव अधिकारी राजेंद्र शाह के मार्गदर्शन में तथा संस्था संरक्षक भगवान शर्मा के संयोजन में कराए गए। अध्यक्ष चुने जाने के बाद पाटीदार ने कहा कि नई कार्यकारिणी शीघ्र घोषित होगी और पीड़ित मानवता की सेवा के कार्य दोगुनी गति से आगे बढ़ाएंगे।

---

**20 मार्च : विश्व गौरैया दिवस विशेष**

# यूं नन्हें दोस्त का रूठना रास न आया

## मनुष्य की पहल कुछ रंग ला रही






ब्रह्मास्त्र ▸▸ पं. राहुल शुक्ल.उज्जैन

चूं-चूं करती आई चिड़ियां चोंच मे दाना लाई चिड़ियां के दर्शन आज शहरों में दुर्लभ से हो गए हैं। मानव से रूठ कर हाउस स्पैरो या गौरैया घरों मे सुबह सुबह दस्तक नहीं दे रही है जिससे घरों की रौनक बेनूर सी जान पड़ रही है। वर्तमान की प्रौढ़ पीढ़ी वह है जिसने अपने बाल्यकाल में घर के अन्दर खूब हाउस स्पैरो देखीं, उनका प्रजनन देखा और विकास के चलते गौरैया का रूठना भी देखा। गौरैया का यूं नाराज होकर दूर जाना काफी लोगों को दर्द दे गया और फिर कुछ पक्षी प्रेमियों ने इनकी चिंता पालकर इनके संरक्षण के प्रयास किए।

**क्यों आना बंद हुई हाउस स्पैरो-** हल्के भूरे रंग के इस परिंदे का जोड़ा पहले हर घर के पंखे के कप में अपना घोंसला बनाकर चैन से रहता था पर आधुनिक शहरीकरण व विकास ने इनका चैन छीन लिया। पक्षी विशेषज्ञों के अनुसार जो चार प्रमुख कारण रहे वे हैं:

### शहरों में बढ़ता कोलाहल व प्रदूषण

- आधुनिक भवनों की नई डिजाइन
- शहरों मे लगे मोबाइल टॉवर
- पैक्ड आटे का चलन
- छोटी छोटी झाड़ियों का अभाव

### रोशनदान न होना

आधुनिकता के चलते भवनों में एअरकंडीशनर की सुविधा को तरजीह देते हुए ऐसी डिजाइन के मकान बनने लगे जिनमें रोशनदान नहीं रखे गए और घरों में इनका प्रवेश ही रोक दिया गया। असुरक्षित गौरैया ने आना बंद कर दिया।

-अद्वैता श्रीवास्तव, पक्षी प्रेमी।

### पैक्ड आटे का प्रचलन

पहले घरों मे गेहूं स्टोर करके रखे जाते थे। जब महिलाएं इन्हें छलने से छानती थीं तो वेस्ट और चापड़ आदि बाहर खुली जगह पर डाल दिया जाता था और गौरैया इन्हें चाव से खाती रहीं। ये अनाज का वेस्ट स्पैरो को आकर्षित करती थी। भोजन का अभाव इन्हें शहरों से दूर ले गया।

-शशांक शुक्ला, गौरैया बचाओ अभियान, उज्जैन।

### बर्ड नेस्ट मददगार

हाउस स्पैरो को वापस घरों की ओर आकर्षित करने में पेड़ पौधे व आर्टिफिशल नेस्ट मददगार सिद्ध हो रहे हैं। हरियाली और छोटी झाड़ियों को गौरैया पसंद करती है। यदि घर के गार्डन में आर्टिफिशल नेस्ट या बर्ड फीडर आदि लगा दिए जाएं तो ये नन्हा दोस्त आने लगता है और नेस्ट मे रहने लगता है। हाउस स्पैरो मे पहले नर आकर सुरक्षित अनुकूलता भांपते हैं फिर जोड़ा आकर रहने लगता है।

-डॉ. मुकेश वाणी, प्राध्यापक, पर्यावरण अध्ययनशाला, विक्रम विवि उज्जैन।

### सकारात्मक तरंगों का उद्भव

हाउस स्पैरो का घर में आना खुशियों का सूत्रपात करता है। मैंने अपने नवीन आवास में आर्टिफिशल नेस्ट लगाया और कुछ ही दिनों में ये नन्हा परिंदा आने लगा। तिनके एकत्रित करके स्पैरो ने आर्टिफिशल नेस्ट मे जमा किए और ब्रीडिंग शुरू हो गई। साल भर में इनकी संख्या अच्छी खासी बढ़ गई जो एक सुखद अनुभूति है।

-कौशल कुमार मरमट, गौरैया प्रेमी।

इस नन्हें दोस्त के महत्व को हमने तब समझा जब ये रूठ कर दूर चला गया। अब हाउस स्पैरो के सरंक्षण के प्रयास पूरे विश्व में चल रहे हैं। हमारे देश मे कुछ पक्षी प्रेमी इस प्रयास मे अपना योगदान देने मे लगे हैं जो एक शुभ संकेत है। दिल्ली के राकेश खत्री ने आर्टिफिशल नेस्ट बनाकर हजारों लोगों को निःशुल्क उपलब्ध कराए हैं तो पूणे के युवा मोहम्मद दिलावर ने भी बहुतेरे प्रयास किए हैं। आशा ही की जा सकती है कि हम अपने बच्चों को चूं-चूं करती आई चिड़ियां के दर्शन पुनः अपने घरों मे करा पाएंगे।

---

# गुड़ी पड़वा पर्व पर भस्मारती में महाकाल को नीम अर्पित

## नवरात्रि के 9 दिन तक नीम का जल अर्पित किया जाएगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में गुरुवार को गुड़ी पड़वा पर्व की शुरूआत भस्म आरती के दौरान भगवान महाकाल को नीम अर्पित कर की गई। नवरात्रि के नौ दिनों तक प्रतिदिन सुबह भगवान महाकाल को नीम का जल अर्पित किया जाएगा।

भस्म आरती के दौरान सुबह चार बजे मंदिर के पट खुलते ही पंडे-पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित सभी प्रतिमाओं का पूजन किया और भगवान महाकाल का जलाभिषेक किया।

**पंचामृत से हुआ अभिषेक-** भगवान महाकाल का दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन किया गया। इसके बाद प्रथम घंटा बजाकर हरि ओमह्न का जल अर्पित किया गया।



कपूर आरती के बाद भगवान महाकाल के मस्तक पर रजत चंद्र, भांग, चंदन और गुलाब की माला अर्पित की गई। रजत मुकुट और त्रिपुंड लगाकर श्रृंगार किया गया।

### भस्म अर्पित कर ज्योतिर्लिंग को ढंका गया

श्रृंगार के बाद ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढांककर भस्म अर्पित की गई। इसके बाद शेषनाग का रजत मुकुट, मुण्डमाल और रुद्राक्ष की माला अर्पित की गई। भगवान महाकाल को सुगंधित पुष्पों की माला, फल और मिष्ठान का भोग लगाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भस्म आरती में शामिल होकर दर्शन किए। महा निर्वाणी अखाड़े की ओर से भगवान महाकाल को भस्म अर्पित की गई। मान्यता है कि भस्म अर्पित होने के बाद भगवान निराकार से साकार रूप में दर्शन देते हैं।

---

# देश का दूसरा 10 महाविद्या देवियों का मंदिर तैयार, प्राण-प्रतिष्ठा आज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भैरवगढ़ स्थित बगलामुखी धाम में 10 महाविद्या देवियों का विशाल मंदिर तैयार हो गया है। यह देश का दूसरा 10 महाविद्या मंदिर है। मंदिर में देवियों की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा चैत्र नवरात्रि के पहले दिन से शुरू होगी।

अनुष्ठान भर्तृहरि गुफा के गादीपति योगी पीर महंत रामनाथ के सान्निध्य में होगा। पहले दिन प्रतिपदा पर शिप्रा के दत्त अखाड़ा घाट पर प्रायश्चित कर्म और 10 विधि स्नान होंगे। इसके बाद मंदिर परिसर में मंडप प्रवेश कराया जाएगा। 19 से 27 मार्च तक रोज सुबह 8 बजे से शाम 7 बजे तक हवन-पूजन और जप होंगे। विधि विद्वान आचार्य कराएंगे। 101 बटुक ब्राह्मण विद्यार्थी मौजूद रहेंगे। पीर महंत रामनाथ के अनुसार पाषाण मूर्तियां राजस्थान के पवित्र स्थल से मंगवाई गई हैं। अनुष्ठान में रोज एक से दो मूर्तियों की प्रतिष्ठा होगी। अलग-अलग दिनों में तारा, छिन्नमस्ता, षोडशी, भुवनेश्वरी, त्रिपुरा भैरवी, धूमावती, मातंगी और कमलात्मिका की प्रतिष्ठा की जाएगी। इसकी पूर्णाहुति रामनवमी पर होगी।




---

# ऑनलाइन होंगे संपत्ति की लीज, एग्रीमेंट, ऑफिस जाने का झंझट नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जमीन, मकान संबंधी लीज, एग्रीमेंट, पॉवर ऑफ अटॉर्नी जैसे 75 से ज्यादा काम अब एकदम आसान हो गए। संपदा 2.0 के तहत आमजन को पंजीयक कार्यालय के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। विभाग के अधिकृत पोर्टल पर पंजीयन करवाकर अपने दस्तावेजों को ऑनलाइन सबमिट करते हुए किसी भी शहर से अपना काम करवा सकेंगे।

मुख्यालय भोपाल स्तर पर इसके लिए अलग से साइबर सब रजिस्ट्रार कार्यालय शुरू किया है। इसका लाभ लेने के ?लिए संबंधितों को सिर्फ पोर्टल पर पंजीयन कराना होगा। पंजीयन कराने के बाद आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज भी डिजिटल रूप से भेजना होंगे। दस्तावेजों का भोपाल साइबर सब रजिस्ट्रार कार्यालय में चैक किया जाएगा।



सभी दस्तावेजों की जांच के बाद संपदा 2.0 के माध्यम से एआई और वीडियो कॉल द्वारा आपकी पहचान का सत्यापन (ई-केवाईसी) होगा। इसमें आपको दबावमुक्त होने की घोषणा करना होगी। पंजीकरण के बाद, आपको हस्ताक्षरित दस्तावेज सीधे ई-मेल या वाट्सएप पर प्राप्त होंगे, जिससे कागज गुम होने या फटने का डर नहीं रहेगा। इस नई पहल का लोग फायदा लेने लगे हैं।

### पूरी प्रक्रिया मुख्यालय भोपाल से ऑनलाइन

साइबर सब रजिस्ट्रार कार्यालय शुरू होने के बाद से 75 से ज्यादा दस्तावेज ऑनलाइन हो रहे हैं। इसमें आमजन को ऑफिस के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। पोर्टल पर पंजीयन कराने के बाद पूरी प्रक्रिया मुख्यालय भोपाल से ही ऑनलाइन हो जाती है।

-स्वपनेश शर्मा, वरिष्ठ जिला पंजीयक भोपाल व परियोजना अधिकारी संपदा

उज्जैन
गुरुवार
19
मार्च, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

न कश्चित कस्यचित मित्रं न कश्चित कस्यचित रिपुः।
व्यवहारेण जायन्ते, मित्राणि रिपवस्तथा।।

अर्थः कोई मित्र नहीं है, कोई शत्रु नहीं है।
व्यवहार दोस्त या दुश्मन बनाता है।

## खबर एक नजर...

### कमिश्नर कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप

**इंदौर।** बुधवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब संभागायुक्त कार्यालय और उसी भवन में श्रमायुक्त कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल सामने आया। यह ई-मेल मंगलवार को भेजा था, लेकिन अधिकारियों ने बुधवार को देखा। मेल में दावा किया गया कि परिसर में साइनाइड गैस से लैस बम लगाए गए हैं, जो दोपहर में फटेंगे। चेतावनी मिलते ही कर्मचारियों को तुरंत बाहर निकाला गया और भवन को खाली करा लिया गया। पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंचे। एक घंटे चली सघन जांच में कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक नहीं मिला। इस मेल में तमिलनाडु की राजनीति का जिक्र करते हुए डीएमके सरकार और डिप्टी सीएम स्टालिन को निशाने पर लिया गया। कार्यालय के स्टाफ को पाकिस्तानी जासूस कहा गया। कानून-व्यवस्था और राजनीतिक फंडिंग पर सवाल उठाए गए। कहा कि 2026 में डीएमके दोबारा सत्ता में आती है तो गंभीर परिणाम होंगे। पुलिस मेल भेजने वाले की पहचान में जुटी है।

### स्पेशल ट्रेनों से 40 प्रश कम हुआ नियमित ट्रेनों पर दबाव

**इंदौर।** इंदौर से चल रही मुंबई, पटना और खड़की (पुणे) स्पेशल ट्रेनों के संचालन से न केवल यात्रियों को राहत मिली है, बल्कि नियमित ट्रेनों में भी भीड़ का दबाव कम हुआ है। कई मौके पर तो नियमित ट्रेनों में 40 फीसदी तक दबाव कम हुआ। पहले जहां कई ट्रेनों में वेटिंग और भीड़ 140 या इससे ज्यादा प्रतिशत तक पहुंच जाती थी, अब यह दबाव काफी हद तक घटा है। सबसे खास बात यह रही कि वीकेंड और त्योहारों के दौरान यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलने में आसानी हुई है। पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन इंदौर-मुंबई तेजस एक्सप्रेस जुलाई 2025 में शुरू हुई थी। इस ट्रेन के छह बार फेरे बढ़ चुके हैं। इससे अवंतिका और दुरंतो एक्सप्रेस ट्रेनों पर दबाव कम हुआ है। **इंदौर-पटना :** इस साप्ताहिक ट्रेन से भी काफी राहत मिली है। इसे दो महीने छोड़कर लगातार संचालित किया। अब पूर्वोत्तर भारतीय संगठन पटना को नियमित करने की मांग कर रहा है। इंदौर-खड़की स्पेशल ट्रेन- इंदौर-पुणे एक्सप्रेस ट्रेन में सालभर वेटिंग रहती है। इसे देखते हुए रेलवे ने इंदौर-खड़की ट्रेन चलाई। अब पुणे के लिए अतिरिक्त नियमित ट्रेन की मांग भी की जा रही है।

### पेस्ट कंट्रोल बनाने वाली कंपनी में लगी आग, 11 कर्मचारी हॉस्पिटल में भर्ती



**इंदौर।** पालदा क्षेत्र में बुधवार दोपहर पेस्ट कंट्रोल बनाने वाली एक फैक्टरी में अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंचे। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। एसीपी विजय चौधरी के मुताबिक घटना 11.30 बजे मूसाखेड़ी के उद्योग नगर स्थित बीएन ब्रदर्स फैक्टरी की है। संचालक हातिम अली बोहरा की पेस्ट कंट्रोल की फैक्टरी में कई मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान यहां वेल्डिंग का काम भी किया जा रहा था। पेस्ट कंट्रोल के लिए रखे कच्चे माल के पास वेल्डिंग होने के कारण चिंगारी उड़ने से आग लग गई। इस दौरान फैक्टरी में जहरीला धुआं फैल गया, जिससे 12 कर्मचारी बेहोश हो गए।

## इंदौर में घर के डिजिटल लॉक नहीं खुलने से 8 की मौत, इनमें एक बच्चा भी शामिल

# ईवी ब्लास्ट में मौत, एक साथ 7 चिताएं जलीं





### पीएम-सीएम ने दुख जताया, मृतकों के परिजन को मिलेंगे 2 लाख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर हादसे पर दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिजन को 2-2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की है। एमपी के सीएम मोहन यादव ने भी हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी।

### परिवार ने शवों का किया अंतिम संस्कार, एक साथ जलीं 7 चिताएं

इंदौर में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई। परिवार ने शवों का अंतिम संस्कार कर दिया है। बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे। नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में इलेक्ट्रिक कार टाटा पंच में चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया, उनकी गर्भवती बहू सिमरन समेत 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं। मारे गए लोगों में से 6 मनोज के रिश्तेदार थे, जो मंगलवार को बिहार के किशनगंज से आए थे। घटना बुधवार तड़के 3.30 से 4 बजे के बीच बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी की है। पुलिस के अनुसार, आग ने घर के अंदर रखे गैस सिलेंडरों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे एक के बाद एक सिलेंडर फटने लगे। धमाका इतना तेज था कि मकान का एक हिस्सा ढह गया। घर में लगे डिजिटल लॉक खुल नहीं पाए, इसके कारण अंदर सो रहे लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला।

**मुक्तिधाम में एक साथ 7 चिताएं जलीं-** रहवासियों ने बताया कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां सूचना देने के करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंचीं। परिवार ने तिलकनगर मुक्तिधाम में शवों का अंतिम संस्कार किया। एक साथ 7 चिताएं जलीं। बच्चे के शव को दफनाया गया है, जिसे बॉक्स में रखकर लाया गया था।

# हेड कांस्टेबल करता है गंदी हरकतें

## बीजेपी नेता और अफसरों के नाम से देता है धमकी, रहवासियों ने बनाया वीडियो

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के सदर बाजार इलाके की पुलिस लाइन में रहने वाले एक हेड कांस्टेबल से इन दिनों रहवासी परेशान हैं। बीजेपी नेता ओर अफसरों के नाम से वह आसपास के लोगों को धमकाता है। पड़ोसियों ने कई बार थाने पर शिकायत करने का मन बनाया, लेकिन पुलिस क्राइम ब्रांच में हेड कांस्टेबल के होने के चलते शिकायत नहीं सुनती। परेशान होकर रहवासियों ने पुलिसकर्मी का वीडियो बनाया। जो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

मामला जूना रिसाला पुलिस लाइन का है। यहां पिछले कुछ माह से एक पुलिसकर्मी जो क्राइम ब्रांच में हेड कांस्टेबल है। वह रहवासियों से विवाद करता है। रहवासियों ने कई बार देर रात इस मामले में एफआरवी 112 पर शिकायत की। आपसी विवाद करने की बात पर सदर बाजार थाने के पुलिसकर्मी



भी वापस चले जाते हैं। पिछले एक माह से हेड कांस्टेबल ने अपने ही सरकारी क्वार्टर से अश्लील हरकत करना शुरू कर दी। वह क्वार्टर के अंदर से खुलेआम अश्लील इशारे कर रहा है। अपने घर के बरामदे से प्रायवेट पार्ट दिखा रहा है। आसपास रहने वाली महिलाओं को गंदे इशारे करता है। उसकी इस हरकत को शुरूआत में महिलाओं ने नजर अंदाज कर दिया। कई क्वार्टर में नाबालिग लड़कियों और युवतियों के रहने के चलते परिवार ने हेड कांस्टेबल की इस हरकत का वीडियो बनाया। उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया है।

### बीजेपी नेता के नाम से कराई थी पोस्टिंग

जानकारी के मुताबिक पुलिसकर्मी को पहले क्राइम ब्रांच से अवैध गतिविधि के चलते हटा दिया गया था, लेकिन इसके बाद उसने बीजेपी नेता का प्रेशर करवाने के बाद फिर से क्राइम ब्रांच में पोस्टिंग करवा ली। कुछ दिन पहले एमडी ड्रग मामले में भी पुलिसकर्मी पर आरोप लगे थे, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों के दबाव प्रभाव के चलते उसे नही हटाया गया।

### सस्पेंड कर एफआईआर दर्ज करेंगे

इस मामले में सीपी संतोष सिंह और एडिशनल कमिश्नर अमित सिंह से बात करने की कोशिश की गई। लेकिन उनसे चर्चा नहीं हो पाई। मामले में एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया को जानकारी दी तो उन्होंने कहा कि इंदौर पुलिस में इस तरह की हरकत किसी भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर घटना सही है तो उस पुलिसकर्मी को सस्पेंड करते हुए उस पर एफआई कराई जाएगी।

# कमिश्नर कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

बुधवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब संभागायुक्त कार्यालय और उसी भवन में श्रमायुक्त कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल सामने आया। यह ई-मेल मंगलवार को भेजा था, लेकिन अधिकारियों ने बुधवार को देखा।

मेल में दावा किया गया कि परिसर में साइनाइड गैस से लैस बम लगाए गए हैं, जो दोपहर में फटेंगे। चेतावनी मिलते ही कर्मचारियों को तुरंत बाहर निकाला गया और भवन को खाली करा लिया गया। पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंचे। एक घंटे चली सघन जांच में कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक नहीं मिला।

**मेल में तमिलनाडु की राजनीति का जिक्र-** इस मेल में तमिलनाडु की राजनीति का जिक्र करते हुए डीएमके सरकार और डिप्टी सीएम स्टालिन को निशाने पर लिया गया। कार्यालय के स्टाफ को पाकिस्तानी जासूस कहा गया। कानून-व्यवस्था और राजनीतिक फंडिंग पर सवाल उठाए गए। कहा कि 2026 में डीएमके दोबारा सत्ता में आती है तो गंभीर परिणाम होंगे। पुलिस मेल भेजने वाले की पहचान में जुटी है।

# इंदौर-मेट्रो का गांधीनगर से रेडिसन तक सफर एक कदम दूर

## सीएमआरएस एनओसी मिलते ही दौड़ेगी, अप्रैल से कमर्शियल रन संभावित; पीएम कर सकते हैं इनॉग्रेशन

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर मेट्रो अप्रैल माह में गांधी नगर से रेडिएशन चौराहे तक चलना शुरू हो जाएगी। कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी की टीम इंदौर मेट्रो का आखिरी निरीक्षण करके बुधवार शाम को इंदौर से रवाना हो गई है। टीम में मेट्रो कमिश्नर नीलाभ्र सेनगुप्ता भी मौजूद थे। सीएमआरएस की टीम अब दिल्ली जाकर अपनी विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी। रिपोर्ट तैयार होने के बाद वह एनओसी जारी करेगी। एनओसी मिलते ही इंदौर में गांधी नगर से रेडिशन चौराहे तक मेट्रो आम लोगों के लिए चलने लगेगी।

इंदौर मेट्रो रेल प्रबंधन के सूत्रों ने बताया कि सीएमआरएस की तरफ से



मार्च के आखिरी में एनओसी रिपोर्ट मिल जाएगी। जिसके बाद मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू हो जाएगा। अप्रैल के शुरूआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेट्रो को हरी झंडी दिखाने इंदौर आ सकते हैं। अगर किसी कारण से पीएम मोदी नहीं आ पाएंगे तो फिर सीएम मोहन यादव ही इसका हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे।

मेट्रो सूत्रों ने बताया कि सीएमआरएस का दौरा अब पूरा होने के बाद वह अब अपनी रिपोर्ट तैयार करके मध्य प्रदेश सरकार को देगी। यहां से एनओसी मिलने के बाद कमर्शियल रन की फाइनल डेट तय होगी। इस बार खुद पीएम इंदौर मेट्रो में सफर करने आ सकते है, क्योंकि 31 मई को 6.5 किमी के हुए कमर्शियल रन के लिए पीएम ने इंदौर मेट्रो को भोपाल से ही हरी झंडी दिखाई थी। हालांकी मेट्रो के जुड़े अधिकारियों का कहना है कि पीएमओ से अगर समय नहीं मिल पाएगा तो फिर सीएम ही इंदौर आकर इसका शुभारंभ करेंगे।

**सीएमआरएस की टीम हुई रवाना-** इंदौर में मेट्रो का निरिक्षण करने आई सीएमआरएस की टीम सोमवार को पहुंच गई थी। टीम बुधवार शाम में अपना काम पूरा करके रवाना हो गई है। सीएमआरएस नीलाभ्र सेनगुप्ता खुद टीम के साथ इंदौर आए थे, मेट्रो कमिश्नर सेनगुप्ता ने हाल ही में पद संभाला है। उनसे पहले जनक कुमार गर्ग थे, जो सेवानिवृत्त हो गए। सेनगुप्ता पहली बार मेट्रो का निरीक्षण करने इंदौर पहुंचे थे। हालांकि, टीम पुरानी ही है। सीएमआरएस के दौरे के चलते मेट्रो अफसर अलर्ट पर थे। डिपो के अंदर किसी को भी आने-जाने नहीं दिया गया। ताकि, निरीक्षण में किसी प्रकार की दिक्कतें न हों।

**तीन फेज में तैयार हो रही इंदौर मेट्रो, इस बार दुसरे फेज का हुआ नीरिक्षण-** इंदौर मेट्रो को कुल 3 फेज में पूरा किया जा रहा है। इसमें एक फेज में कमर्शियल रन हो चुका है। वहीं अब सीएमआरएस की टीम दूसरे फेज के लिए निरिक्षण करने आई थी।

## खबर एक नजर...

### पारिवारिक मिलन समारोह में 150 किलो फूलों से होली

**उज्जैन.** दसनाम गोस्वामी मंडल के वार्षिक पारिवारिक होली मिलन समारोह में समाजजनों ने 150 किलो फूलों के साथ होली खेलकर पर्व मनाया। शुरूआत मातृशक्ति की फूलपाती और लोकगीतों से हुई। इसके बाद आदि शंकराचार्य और भगवान दत्तात्रेय के चित्र का पूजन किया। अध्यक्ष विजय गिरि ने समाजजनों को संबोधित करते हुए आपसी एकता और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया। भजन गायक नितेश गोस्वामी की प्रस्तुति पर फूलों की होली खेली गई।

### हिंदू नववर्ष पर महाकाल मंदिर के शिखर पर स्थापित किया जाएगा ब्रह्मध्वज



**उज्जैन .**उज्जैन में गुड़ी पड़वा के अवसर पर धार्मिक आस्था और परंपरा का विशेष उत्साह देखने को मिलेगा। महाकालेश्वर मंदिर सहित शहर के प्रमुख मंदिरों में ब्रह्मध्वज स्थापित किया जाएगा। महाकाल मंदिर के शिखर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से ध्वजारोहण किया जाएगा।

गुड़ी पड़वा से ही हिन्दू नववर्ष और विक्रम संवत के नए वर्ष की शुरूआत मानी जाती है। इस पर्व को सृजन, नव ऊर्जा और धर्म की विजय का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार सृष्टि के आरंभ में महाकाल की प्रेरणा से ब्रह्मा ने सृष्टि का निर्माण किया था, इसी कारण ब्रह्मध्वज को विशेष महत्व दिया जाता है।

धार्मिक नगरी उज्जैन में यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। महाकालेश्वर मंदिर के अलावा अन्य मंदिरों में भी परंपरागत रूप से ब्रह्मध्वज स्थापित किए जाएंगे, जिससे पूरे शहर में आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। उज्जैन को काल गणना का केंद्र और सम्राट विक्रमादित्य की नगरी के रूप में जाना जाता है, जहां आज भी प्राचीन परंपराओं को जीवंत रखा गया है।

सम्राट विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया कि उज्जैन की धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं को पुनर्जीवित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शहर के सांस्कृतिक वैभव को पुनः स्थापित करने की दिशा में कार्य जारी है। गुड़ी पड़वा के अवसर पर उज्जैन एक बार फिर अपनी समृद्ध धार्मिक विरासत और परंपराओं का भव्य प्रदर्शन करेगा।

### भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने गहरे पानी में जाने वालों को लगातार चेतावनी दी

# उज्जैन में भूतड़ी अमावस्या पर श्रद्धालुओं की भीड़: शिप्रा घाट और 52 कुंड में हो रहा स्नान, पितरों की मुक्ति की मान्यता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



उज्जैन में बुधवार को भूतड़ी अमावस्या पर शिप्रा नदी के रामघाट और केडी पैलेस में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मान्यता है कि इस दिन शिप्रा नदी में डुबकी लगाने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और कष्ट दूर हो जाते हैं। साथ ही केडी पैलेस स्थित 52 कुंड में स्नान करने से बुरी आत्माओं से मुक्ति मिलती है।

52 कुंड में बुधवार सुबह से ही मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के ग्रामीण इलाकों से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष बुरी आत्मा के साए को भगाते नजर आए। इस दौरान कुछ श्रद्धालु हाथों में तलवार, लोहे की चेन और चाकू लेकर खुद को चोट पहुंचाते दिखे।

भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने गहरे पानी में जाने वालों को लगातार चेतावनी दी। दोपहिया, कार और बसों के लिए अलग-अलग स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई थी।

भूतड़ी अमावस्या पर 52 कुंड की मान्यता है कि जिस पर भी बुरी आत्मा का साया हो, वह यदि सूर्य कुंड और ब्रह्म कुंड में स्नान कर ले, तो उसे इससे मुक्ति मिल जाती है। बड़ी संख्या में लोग अमावस्या पर यहां पहुंचते हैं, जिससे यहां का माहौल मेले जैसा हो जाता है।

मान्यता है कि 52 कुंड में डुबकी लगाने से आत्मा को मोक्ष की प्राप्ति होती है। स्कंद पुराण में भी इसका उल्लेख मिलता है। यहां सूर्य कुंड, ब्रह्म कुंड और सूर्य मंदिर स्थापित हैं। पं. डिब्बेवाला के अनुसार पितरों के निमित्त पूजन के लिए रामघाट और सिद्धवट घाट विशेष स्थान माने जाते हैं। इन दोनों स्थानों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पितरों की पूजा-अर्चना करने पहुंचे। पंडित अमर डिब्बेवाला ने बताया कि इस अमावस्या को कुछ स्थानों पर भूतड़ी अमावस्या कहा जाता है।

## ऑनलाइन होंगे संपत्ति की लीज, एग्रीमेंट, ऑफिस जाने का झंझट नहीं



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जमीन, मकान संबंधी लीज, एग्रीमेंट, पॉवर ऑफ अटॉर्नी जैसे 75 से ज्यादा काम अब एकदम आसान हो गए। संपदा 2.0 के तहत आमजन को पंजीयक कार्यालय के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। विभाग के अधिकृत पोर्टल पर पंजीयन करवाकर अपने दस्तावेजों को ऑनलाइन सबमिट करते हुए किसी भी शहर से अपना काम करवा सकेंगे।

मुख्यालय भोपाल स्तर पर इसके लिए अलग से साइबर सब रजिस्ट्रार कार्यालय शुरू किया है। इसका लाभ लेने के ?लिए संबंधितों को सिर्फ रें-स्त्रि.स्त्रि.१. ङ्घ५.ल्ल पोर्टल पर पंजीयन कराना होगा। पंजीयन कराने के बाद आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज भी डिजिटल रूप से भेजना होंगे। दस्तावेजों का भोपाल साइबर सब रजिस्ट्रार कार्यालय में चैक किया जाएगा।

सभी दस्तावेजों की जांच के बाद संपदा 2.0 के माध्यम से एआई और वीडियो कॉल द्वारा आपकी पहचान का सत्यापन (ई-केवाईसी) होगा। इसमें आपको दबावमुक्त होने की घोषणा करना होगी। पंजीकरण के बाद, आपको हस्ताक्षरित दस्तावेज सीधे ई-मेल या वाट्सएप पर प्राप्त होंगे, जिससे कागज गुम होने या फटने का डर नहीं रहेगा। इस नई पहल का लोग फायदा लेने लगे हैं।

## रिजर्वेशन कार्यालय के पास मिलेंगे सामान्य टिकट, प्लेटफॉर्म एक से शिफ्ट करेंगे काउंटर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्लेटफॉर्म नंबर एक पर स्थित सामान्य टिकट काउंटर को रिजर्वेशन कार्यालय के पास शिफ्ट किया जाएगा। इसका लाभ सिंहस्थ में आने वाले यात्रियों को मिलेगा। महाप्रबंधक, पश्चिम रेलवे (प्रभारी) प्रदीप कुमार ने यह बात कही। वे बुधवार को यहां आए। उन्होंने सिंहस्थ, निर्माण कार्यों, ट्रेन के संचालन से लेकर यात्री सुविधाओं को लेकर चर्चा की।

महाप्रबंधक ने कहा कि सिंहस्थ के लिए रेलवे ने तैयारियां तेज कर दी है। इसमें उज्जैन के पास सबस्टेशन को नया रूप दिया गया है। यात्रियों की सुविधा के अनुसार ट्रेन का संचालन भी बढ़ाया जाएगा। मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को रेलवे का पूरा सहयोग मिल रहा है। इसके अलावा जनता खाना क्यों बंद किया, इस संबंध में उनका कहना है मुख्यालय से जानकारी लेंगे और उसे जल्द ही शुरू करवाया जाएगा। रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य महेंद्र गादिया, विजय अग्रवाल और राजेश शर्मा ने उन्हें मांगों से अवगत करवाया।

## मोदी से मिले बालयोगी उमेशनाथ, वाल्मीकि समाज के मुद्दों पर चर्चा

### अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखने के फैसले का भी उल्लेख किया।



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। बैठक में वाल्मीकि समाज से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। उमेशनाथ महाराज ने अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में महर्षि वाल्मीकि का मंदिर स्थापित करने के निर्णय के लिए मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखने के फैसले का भी उल्लेख किया। बैठक में सफाई मित्रों के वर्गीकरण से जुड़ा क्रीमी लेयर आरक्षण, सफाई कार्य से जुड़े लोगों की समस्याएं और सामाजिक-आर्थिक उत्थान के विषय उठाए गए। स्वच्छ भारत अभियान, सामाजिक समरसता और शिक्षा के प्रचार-प्रसार पर भी बातचीत हुई। उमेशनाथ महाराज के अनुसार प्रधानमंत्री ने मुद्दों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक पहल का भरोसा दिया।

## खबर एक नजर...

### सांस्कृतिक जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**उज्जैन।** महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय में विक्रम संवत्सर 2083 के अवसर पर नवसंवत्सर गौरव अभियान का शुभारंभ हुआ। योग विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त आयोजन में विद्यार्थियों व समाजसेवियों ने घर-घर, मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर ब्रह्मध्वज स्थापित कर भारतीय नववर्ष का संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया। कुलगुरु प्रो. शिवशंकर मिश्र ने कहा नवसंवत्सर भारतीय संस्कृति की आत्मा है और हमारी पहचान व आत्मगौरव का प्रतीक है। विश्वविद्यालय ने नागरिकों से अभियान से जुड़कर सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का अनुरोध किया।

### जोन 6 की व्यावसायिक संपत्तियों का किया सर्वे

**उज्जैन।** संपत्ति कर विभाग के अमले द्वारा बुधवार को व्यावसायिक संपत्तियों का सर्वे किया गया।

इस दौरान निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश के क्रम में जोन क्रमांक 6 अंतर्गत आने वाली सभी व्यवसायिक संपत्तियों, प्रतिष्ठानों, होटल, लॉज आदि का मौका निरीक्षण कर सर्वे कार्य किया। साथ ही नल कनेक्शन की भी जांच की गई कि घरेलू कनेक्शन लिया है या व्यवसायिक कनेक्शन, सर्वे कार्य के पश्चात रिपोर्ट संकलित करते हुए उक्त जानकारी संपत्ति कर मुख्यालय को प्रस्तुत करेंगे।

### सिंहस्थ में सतत बिजली आपूर्ति के लिए चिंतामन में सब स्टेशन का काम शुरू

**उज्जैन।** सिंहस्थ-2028 में निर्बाधित बिजली आपूर्ति के लिए तेजी से काम हो रहे हैं। इसी क्रम में प्रथम चरण में 132 केवी के लिए चिंतामन में सब स्टेशन के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। इसके अलावा उज्जैन-चंद्रावती गंज एवं देपालपुर-चिंतामन 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन का लाइन-इन-लाइन आउट कार्य भी करवाया जा रहा है। एक महीने के इस मेले में करीब 30 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। मेले के दौरान बिजली की खपत कई गुना बढ़ जाएगी। इसका आंकलन करने के बाद अब बिजली कंपनी ने उसकी आपूर्ति के लिए अपने उपक्रम व सिस्टम को अपग्रेड करना शुरू कर दिया है। कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी दावा करते हैं कि इन सभी कामों के पूरा होने पर बिजली की आपूर्ति निर्बाधित रूप से बनी रहेगी।

### सिंधी भाईबंध पंचायत के होली मिलन में भजन संध्या व समूह नृत्य

**उज्जैन।** पूज्य सिंधी भाईबंध पंचायत का पारिवारिक होली मिलन समारोह अब्दालपुरा स्थित संत लीलाशाह कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में हुआ। संगीत संध्या और भगवान झूलेलाल के बहराना के आयोजन ने माहौल को भक्तिमय बनाया। समाजसेवा के लिए मुरलीधर कोटवानी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड और वासुदेव आलवानी को सिंधु समाज सेवा सम्मान 2026 दिया गया।

### सूर्य को अर्घ्य देकर हिंदू नववर्ष की शुरूआतः गायक विशाल मिश्रा की भी प्रस्तुति

# गुड़ी पड़वा पर सीएम करेंगे तरणताल-नैवेद्य लोक का लोकार्पण





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में गुरुवार को गुड़ी पड़वा के अवसर पर हिंदू नववर्ष और विक्रम संवत का शुभारंभ उत्साह और आस्था के साथ हुआ। सुबह श्रद्धालु रामघाट पर एकत्र होकर शिप्रा नदी में पूजन किया इस दौरान महिलाओ ने शंख बजाकर नववर्ष का आगाज कर और सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं ने भी शिप्रा तट पर विशेष अनुष्ठान आयोजित किए।

सुबह गुडी पडवा पर्व पर नववर्ष की शुरूआत शिप्रा नदी के रामघाट पर पण्डे पुरोहित के साथ कुलगुरु अर्पण भारद्वाज, राम राजेश मिश्र, पंडित राजेश त्रिवेदी, माया त्रिवेदी, रमण सोलंकी सहित कई महिला पुरुष और विद्वान एकत्रित हुए, महिलाओ ने शंख बजाकर नव वर्ष की शुरूआत की तो वही बड़ी संख्या में लोगो ने सूर्य को अर्घ्य देकर हिन्दू नववर्ष की शुरूआत की।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, सृष्टि के आरंभ में भगवान महाकाल की प्रेरणा से ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी। इसी कारण गुड़ी पड़वा के दिन ब्रह्मध्वज का विशेष महत्व माना जाता है। महाकालेश्वर मंदिर सहित शहर के प्रमुख मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ब्रह्मध्वज स्थापित कर ध्वजारोहण किया जाएगा।

दोपहर में मुख्यमंत्री मोहन यादव उज्जैन पहुंचेंगे और नानाखेड़ा क्षेत्र में 56 दुकान की तर्ज पर विकसित 36 दुकानों के कॉम्प्लेक्स तथा नए स्विमिंग पूल (तरणताल) का लोकार्पण करेंगे।

नगर निगम द्वारा करीब 8.30 करोड़ रुपए की लागत से तैयार इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के तरणताल में 2550 मीटर का मुख्य पूल बनाया गया है, जिसकी गहराई 4.5 से 6.15 फीट तक है। बच्चों के लिए 2.5 से 3 फीट गहराई वाला अलग वार्मअप पूल भी तैयार किया गया है।

इस अत्याधुनिक परिसर में 200 से अधिक लोगों की क्षमता वाली विजिटर गैलरी, पार्किंग, फूड कोर्ट, सिटिंग एरिया, पार्क, आधुनिक फिल्टर प्लांट, शावर और वेटिंग रूम जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

### भाविप विक्रमादित्य में प्रशांत पाटीदार को फिर अध्यक्ष चुना, विशाल सचिव बने

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भारत विकास परिषद विक्रमादित्य के वर्ष 2026-27 के चुनाव सर्वसम्मति से हुए। इसमें प्रशांत पाटीदार को दूसरी बार अध्यक्ष चुना गया। विशाल पाटीदार सचिव और आनंद श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। परिषद के प्रवक्ता सीपी पाटीदार और सुनील शर्मा के अनुसार चुनाव प्रांतीय पर्यवेक्षक व चुनाव अधिकारी राजेंद्र शाह के मार्गदर्शन में तथा संस्था संरक्षक भगवान शर्मा के संयोजन में कराए गए। अध्यक्ष चुने जाने के बाद पाटीदार ने कहा कि नई कार्यकारिणी शीघ्र घोषित होगी और पीड़ित मानवता की सेवा के कार्य दोगुनी गति से आगे बढ़ाएंगे।

# वीडी क्लॉथ मार्केट में प्रांतीय दुल्हन स्पर्धा, किया रैंप वॉक



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

विक्रमादित्य क्लॉथ मार्केट में सिद्धिविनायक महिला मंडल ने फूलपाती कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पूनम टेकवानी ने की। कार्यक्रम में 60 से 70 महिलाओं ने भाग लिया। मुख्य आकर्षण प्रांतीय दुल्हन प्रतियोगिता में बंगाली, मराठी, राजस्थानी, पंजाबी और गुजराती दुल्हन के पारंपरिक परिधान पहनकर रैंप वॉक किया। समिति ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए। बाल कलाकार जियाशी टेकवानी दूल्हा और समायरा टेकवानी दुल्हन के रूप में मंच पर आए। आयोजन में उपाध्यक्ष कुंजू भावसार, सचिव बबीता अग्रवाल, सहसचिव अलका काकाणी और कोषाध्यक्ष शोभा काला का सहयोग रहा।

### महिलाओं ने गरबा किया, आदिवासी पारंपरिक नृत्य ने दर्शकों का मन मोहो

# पोरवाल समाज ने राजा टोडरमल जयंती पर निकाला चल समारोह

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नागदा में पोरवाल समाज ने राजा टोडरमल की जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई। इस अवसर पर शहर में चल समारोह निकाला गया, जिसमें समाज के स्त्री-पुरुष और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया सुबह से ही आयोजन स्थल पर उत्सव जैसा माहौल था। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा और विशेष श्रृंगार में शामिल हुईं, वहीं पुरुष सफेद वस्त्रों में अनुशासित ढंग से नजर आए चल समारोह के दौरान महिलाएं ढोल की थाप पर गरबा करती हुई चल रही थीं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।



### आदिवासी नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र

जुलूस को और भी खास बनाने के लिए इस बार आदिवासी नृत्य मंडली को भी शामिल किया गया था। उनके पारंपरिक नृत्य और संगीत ने रास्तों में खड़े दर्शकों का मन मोह लिया। इस सांस्कृतिक संगम ने पूरे कार्यक्रम में एक अलग ही रंग भर दिया।

### शहर के मार्गों पर हुआ स्वागत

यह चल समारोह महात्मा गांधी मार्ग स्थित धर्मशाला से शुरू हुआ और शहर के प्रमुख रास्तों से होते हुए वापस वहीं संपन्न हुआ। रास्ते भर लोगों ने पुष्प वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया। नगर पालिका परिषद की ओर से अध्यक्ष प्रतिनिधि ओपी गहलोत और पार्षदों ने भी समारोह का आत्मीय स्वागत किया।

### राजा टोडरमल के आदर्शों को याद किया

कार्यक्रम के समापन पर समाज के वरिष्ठजनों ने राजा टोडरमल के जीवन और उनके महान योगदान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने समाज के लोगों से उनके बताए आदर्शों पर चलने की अपील की। पूरा आयोजन बेहद गरिमामय तरीके से संपन्न हुआ।

## खबर एक नजर...

### देश का दूसरा 10 महाविद्या देवियों का मंदिर तैयार, प्राण-प्रतिष्ठा आज

**उज्जैन।** भैरवगढ़ स्थित बगलामुखी धाम में 10 महाविद्या देवियों का विशाल मंदिर तैयार हो गया है। यह देश का दूसरा 10 महाविद्या मंदिर है। मंदिर में देवियों की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा चैत्र नवरात्रि के पहले दिन से शुरू होगी।

अनुष्ठान भर्तृहरि गुफा के गादीपति योगी पीर महंत रामनाथ के सान्निध्य में होगा। पहले दिन प्रतिपदा पर शिप्रा के दत्त अखाड़ा घाट पर प्रायश्चित कर्म और 10 विधि स्नान होंगे। इसके बाद मंदिर परिसर में मंडप प्रवेश कराया जाएगा। 19 से 27 मार्च तक रोज सुबह 8 बजे से शाम 7 बजे तक हवन-पूजन और जप होंगे। विधि विद्वान आचार्य कराएंगे। 101 बटुक ब्राह्मण विद्यार्थी मौजूद रहेंगे। पीर महंत रामनाथ के अनुसार पाषाण मूर्तियां राजस्थान के पवित्र स्थल से मंगवाई गई हैं। अनुष्ठान में रोज एक से दो मूर्तियों की प्रतिष्ठा होगी। अलग-अलग दिनों में तारा, छिन्नमस्ता, षोडशी, भुवनेश्वरी, त्रिपुरा भैरवी, धूमावती, मातंगी और कमलात्मिका की प्रतिष्ठा की जाएगी। इसकी पूर्णाहुति रामनवमी पर होगी।

### सांवरिया सेठ मंदिर में मनाया फाग उत्सव, भजनों पर झूमे समाजजन

**उज्जैन।** सांवरिया सेठ मंदिर परिसर में संयुक्त ब्राह्मण सामाजिक कल्याण समिति ने फाग उत्सव आयोजित किया। कार्यक्रम में होली और कृष्ण भजनों की प्रस्तुतियां हुईं। महिला-पुरुषों ने भाग लिया, भजनों पर मंच के सामने जमकर झूमे। उत्सव में ज्योतिषाचार्य श्रवण अग्निहोत्री की मौजूदगी में सांवरिया सेठ की महाआरती की गई। भजनों के दौरान बाल कलाकार राधा-कृष्ण के स्वरूप में मंच पर आए और नृत्य प्रस्तुत किया। कनिका तिवारी और अदिति तिवारी ने भजन गायन के साथ नृत्य भी किया। कार्यक्रम के दौरान रेखा भार्गव ने समिति की स्थापना से अब तक की सामाजिक गतिविधियों का विवरण रखा। मीडिया प्रभारी राज जोशी के अनुसार आयोजन में समिति के सदस्यों ने व्यवस्थाएं संभालीं। समापन सामूहिक भोजन प्रसादी के साथ हुआ।

### घाटों पर स्वच्छ शिप्रा कवच तैनात, 50 से ज्यादा सफाई मित्र संभालेंगे व्यवस्था

**उज्जैन।** उज्जयिनी गौरव दिवस विक्रम उत्सव 2026 के गुरुवार को को दत्त अखाड़ा घाट पर होने वाले आयोजन को लेकर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने रामघाट और दत्त अखाड़ा क्षेत्र का निरीक्षण कर अधिकारियों से कहा कि घाटों पर स्वच्छता से समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विशेष सफाई 50 से अधिक सफाई मित्रों को स्वच्छ शिप्रा कवच के रूप में तैनात किया जाएगा, जो घाटों की सफाई करते रहेंगे। घाटों पर जीरो वेस्ट सिस्टम लागू करते हुए पॉलीथिन, दोना और अमानक डिस्पोजल पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। कपड़े धोने पर प्रतिबंध रहेगा। विद्युत पोल से अनावश्यक तार हटाने और दीवारों पर स्वच्छता से जुड़े संदेश लिखवाने के निर्देश भी दिए।

## पार्श्वगायक विशाल मिश्रा देंगे सांगीतिक प्रस्तुति, शाम 7 बजे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

# शिप्रा तट पर कोटि सूर्य उपासना, लेजर शो में होंगे 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नव वर्ष प्रतिपदा पर गुरुवार सुबह 5.30 बजे शिप्रा तट रामघाट पर कोटि सूर्य उपासना की। उदित होते सूर्य को अर्घ्य देकर नव वर्ष का अभिनंदन किया। श्री महाकालेश्वर मंदिर पर ब्रह्मध्वज की स्थापना की जाएगी।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में विक्रमोत्सव 2026 के अंतर्गत सृष्टि के आरंभ उत्सव, नव वर्ष विक्रम संवत और जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ शाम 7 बजे रामघाट और दत्त अखाड़ा घाट पर किया जाएगा। ई-मेक्स ग्लोबल अवार्ड्स 2025 के कार्यकारी उपाध्यक्ष विद्यासागर द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विक्रमोत सव-2025 को मिले सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा प्रकाशित विक्रम पंचांग 2083, संस्कृति संचालनालय द्वारा प्रकाशित कला पंचांग, विमलकृष्ण दास द्वारा लिखित 84 महादेव, रामस्वरूप दास द्वारा लिखित ओरछाधीश, वीर भारत न्यास के पांच भारत निधि मोनोग्राफ (महर्षि अत्रि, महर्षि अंगिरा, धन्वंतरि, महर्षि अगस्त्य, भरत मुनि), शोध ग्रंथ, महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ की पांच गीता (अष्टाव क्रगीता, नारदगीता, ब्राह्मणगीता, गर्भगीता, उत्तरगीता) का विमोचन करेंगे।

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ एवं संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित विक्रम उत्सव 2026 के अंतर्गत अनादि पर्व में बुधवार शाम सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की मनमोहक छटा बिखरी। शाम 7.30 बजे त्रिवेणी संग्रहालय के मंच पर आयोजित कार्यक्रम में आभा एवं विभा चौरसिया (इंदौर) ने अपने मधुर वोकल गायन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। झलक चावड़ा एवं उन्नति बोगले (उज्जैन) ने कथक नृत्य की प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। इसी क्रम में इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर स्थित विक्रम व्यापार मेला मंच पर आयोजित कार्यक्रम में कलाकार विनीता प्राड़ा (उज्जैन) ने भजन गायन प्रस्तुत किया। सुधा गुप्ता (उज्जैन) ने लोक गायन के माध्यम से पारंपरिक संस्कृति की छटा बिखेरी। पार्श्वगायक विशाल मिश्रा देंगे सांगीतिक प्रस्तुति इस अवसर पर शाम 7 बजे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। इसमें मुंबई के सुप्रसिद्ध पार्श्वगायक विशाल मिश्रा एवं उनके दल द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही द्वादश ज्योतिर्लिंग और अलौकिक सिंहस्थ पर केंद्रित ड्रोन शो और लेजर शो का आयोजन किया जाएगा।

# 11 करोड़ से पिछले सिंहस्थ में बनाई गौंड मल्टी अब तोड़ रहे, 250 परिवार पंवासा शिफ्ट होंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ-2016 में करीब 10.84 करोड़ खर्च कर बसाई हरसिद्धि मंदिर के पास स्थित गौंड बस्ती हरसिद्धि आवास अब सिंहस्थ-2028 के लिए विस्थापित की जा रही है। जेएनएनयूआरएम योजना के तहत गौंड समुदाय के लिए चार मल्टी बनाकर 400 परिवारों को 416 फ्लैट में यहां बसाया। अब सिंहस्थ-2028 से पहले सड़क चौड़ीकरण के चलते इन मल्टियों को यहां से हटाया जाने का प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। विस्थापित परिवारों को पंवासा में नई मल्टी बनाकर विस्थापित करेंगे।

नगर निगम मुख्यालय में बुधवार को महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 5073 करोड़ रुपए का बजट मंजूर किया। इस बार बजट में सिंहस्थ से जुड़े कार्यों को सबसे अधिक प्राथमिकता दी गई। अब यह बजट जल्द ही सदन में मंजूरी के लिए जाएगा। कुल 38 प्रस्ताव सिंहस्थ मद में रखे गए, जिनमें से लगभग 25 प्रस्ताव सड़क चौड़ीकरण से जुड़े रहे। इसके अलावा स्पेशल असिस्टेंट मद में करीब 10 सड़क निर्माण कार्यों को भी मंजूरी दी गई। हरियाखेड़ी प्रोजेक्ट और शहर का सीवरेज प्रोजेक्ट भी बजट में शामिल किए गए हैं इन प्रमुख मार्गों का होगा चौड़ीकरणः सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए शहर के कई प्रमुख मार्गों को चौड़ा करने की योजना बनाई है। इसमें गौतम मार्ग से तिलकेश्वर मार्ग, नीलकंठ द्वार से महाकाल मंदिर चौराहा, महाकाल चौराहे से गोपाल मंदिर होते हुए कमरी मार्ग, गुदरी चौराहा से हरसिद्धि पाल, हरसिद्धि पाल से रामघाट रोड, बंबई वाले की धर्मशाला से दानीगेट, चौबीस खंभा माता मंदिर से छोटा रुद्रसागर और जयसिंहपुरा से चारधाम पार्किंग तक सहित अन्य मार्ग शामिल हैं।अधूरे प्रोजेक्ट पूरे करने व कॉलोनी बसाने की तैयारी बैठक में यह भी तय किया कि पंवासा स्थित वर्षों से अधूरी पड़ी तीन आवासीय मल्टियों का काम पूरा किया जाएगा। मंछामन क्षेत्र की 8 साल से निर्माणाधीन मल्टी को भी पूर्ण कराया जाएगा और हितग्राहियों को सौंपा जाएगा। इसके अलावा सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित परिवारों के लिए पंवासा में नई कॉलोनी विकसित की जाएगी। शिप्रा नदी के घाटों के सौंदर्यीकरण और संधारण के लिए करीब 120 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं।

# डॉलर चना व्यापार ठप, भाव 1000 रु. क्विंटल नीचे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ईरान-इजरायल युद्ध 18 दिन से चल रहा है। इसका असर डॉलर चने के व्यापार पर पड़ा है। कारोबार पूरी तरह जाम हो गया। भाव गत वर्ष से 1000 रुपए क्विंटल तक नीचे आ चुके हैं। मंडी नीलाम में 8000 रुपए तक बिका। कारोबारी रवि अग्रवाल के अनुसार 44 बाय 46 साइज का डॉलर चना कंटेनर 9300 पर आ गया। व्यापार जीरो चल रहा है। गत वर्ष इन्हीं दिनों में कंटेनर 10,300 के भाव थे, तब व्यापार भी हो रहा था। इस बार भाव घटे। कारोबार रुक गया। डॉलर चने की करीब 70% डिमांड खाड़ी देशों की रहती है। विदेश जाने पर ही किसान और व्यापारी को लाभ मिलता है। गर्मी के कारण घरेलू मांग भी नहीं आ रही। साउथ में जरूर डॉलर चना बिकने पहुंच रहा है। इस बार पैदावार भी प्रभावित बताई है। दाना छोटा रह गया।

उज्जैन क्षेत्र में डॉलर चने की पैदावार ली गई। भाव कम होने से बिक्री कम की जा रही है। भाव निचले स्तर पर आए तो नए स्टॉक वाले खरीदी में भी आ गए। युद्ध की स्थिति साफ होने के बाद मांग आने की आशा में स्टॉक वाले निवेश कर रहे हैं। डॉलर का प्रमुख उत्पादक क्षेत्र निमाड़ है। सबसे अधिक नुकसान वहीं मिल रहा है। सूत्रों के अनुसार करीब 1700 से 1800 कंटेनर समुद्री तट पर लोड होकर खड़े हैं। इन्हें आगे जाने का रास्ता अभी तक नहीं मिला। इन कंटेनरों में डॉलर चने के अलावा अन्य वस्तुएं भी लोड होना बताया है। मंडी में रोज डिमांड नहीं है। बोली कम लग रही है।

# 51 ढोल, 5 बैंड और 108 ध्वजों के साथ निकलेगी पारंपरिक गेर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सनातन धर्म परंपरा को प्रवाहमान रखने के लिए प्रतिबद्ध श्री महाकालेश्वर भर्तृहरि विक्रम ध्वज चल समारोह समिति श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा नव संवत्सर वर्ष प्रतिपदा पर श्री आताल पाताल महाभैरव सिंहपुरी क्षेत्र से गुरुवार की शाम को परंपरागत गेर निकाली जाएगी।

पंडित रूपम जोशी, अर्पित दुबे व पंडित आदर्श जोशी ने बताया गेर जिसे सामान्यतः शौर्य संचलन कहते हैं, यह अपनी प्राचीन वैभव प्रतिष्ठा के साथ नगर भ्रमण पर निकलती है। इस बार गेर की विशेषता के अंतर्गत दो ऊंट पर सवार नगाड़ा बजाते, कड़ाबीन, अखाड़ा, पांच बैंड, 51 ढोल, 20 घोड़ी, 108 ध्वज निशान के साथ नयनाभिराम पौराणिक झांकियां निकाली जाएगी। झांकियों में रक्तबीज का वध करते हुए देवी का रूपक, कुंभकरण वध, चलित नाट्य शैली में भगवान शिव का अघोर स्वरूप में तीसरे नेत्र से उत्पन्न अग्नि और भूतों की टोली, अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा लव-कुश के साथ हनुमानजी का हस्तक्षेप, भगवान भैरवनाथ की झांकी रहेगी।

श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ गणमान्य, समाजजन सहित अन्य वरिष्ठ का गेर में शामिल होंगे। गेर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः सिंहपुरी क्षेत्र पहुंचेगी। श्री आनंद भैरव नवयुवक मित्रमंडल भागसीपुरा गुरु मंडली की आनंद भैरव विक्रम ध्वज चल समारोह भागसीपुरा से निकाला जाएगा। इस गेर में बैंड, ढोल, झांकियां, ध्वज शामिल रहेंगे। इसमें रतलाम की रंगारंग झांकियां आकर्षक का केंद्र रहेगी। भागसीपुरा स्थित आनंद भैरव का पूजन अर्चन शाम 6 बजे करने के बाद गेर निकाली जाएगी। यह बंसफोड़ गली, महाकाल चौराहा, गुदरी, पटनीबाजार, गोपाल मंदिर, सतीगेट, कंठाल, नईसड़क, दौलतगंज, तोपखाना से होते हुए पुनः भागसीपुरा स्थित आनंद भैरव मंदिर पहुंचकर समाप्त होगी। इसमें औदीच्य ब्राह्मण समाजजन, प्रबुद्धजन, जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहेंगे।

# शूटिंग बॉल टूनार्मेंट में विदिशा विजेता



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शास्त्री नगर खेल मैदान पर उज्जयिनी स्पोर्ट्स क्लब ने एक दिवसीय राज्य स्तरीय शूटिंग बॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया। इसके फाइनल में विदिशा की जितेंद्र बघेल की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर खिताब जीता। पिपलिया हामा की सिकंदर की टीम उपविजेता रही। स्पर्धा संयोजक ललित सिंह चौहान के अनुसार लक्ष्मणदास विशनवानी और ममता श्रीकांत वर्मा की स्मृति आयोजित टूर्नामेंट के समापन पर विजेता टीम को 11 हजार और उपविजेता टीम को 5 हजार रुपए के साथ ट्रॉफी प्रदान की गई।

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य रूप से अध्यक्ष ओम सारवान, चंद्रभान सिंह चंदेल, श्रीकांत वर्मा, प्रदीप जायसवाल, सौरभ वर्मा, निमेश उदेनिया, राजेश पाटीदार, अभिषेक शर्मा, गौरव वाधवानी, शिवम खुल्लर, मोनू दिखित क्लब के पदा ?धिकारी मौजूद थे।

# वैश्य फेडरेशन के फाग उत्सव में विभिन्न घटकों ने खेली फूलों की होली



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन की इकाई ने क्षीरसागर स्थित मानस भवन, राम मंदिर परिसर में फाग उत्सव आयोजित किया। अध्यक्षता प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप धारिया ने की। जिलाध्यक्ष तरुण मित्तल ने बताया फाग उत्सव में समाज के विभिन्न घटकों के महिला-पुरुषों ने एकसाथ फूलों की होली खेली और फाग गीतों पर झूमे। विशिष्ट अतिथि पारस जैन थे। भजन गायक पं. राजेश बैरागी ने संगीतमय प्रस्तुतियां दी।

# रतलाम में फर्जी अंकसूची लगाकर पाई नौकरीः कोर्ट ने सुनाई 7 साल की सजा

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

फर्जी अंकसूची लगाकर रतलाम जिला अस्पताल में लेब असिस्टेंट की नौकरी पाने वाले अभियुक्त सलमान (38) पिता अनवर खान निवासी नागझिरी, उज्जैन को कोर्ट ने 7 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 2 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड नहीं देने पर 1-1 माह की अतिरिक्त कारावास की सजा भी दी है। फैसला सप्तम अपर सत्र न्यायाधीश रतलाम राजेश नामदेव ने दिया है।

अपर लोक अभियोजक एवं शासकीय अधिवक्ता समरथ पाटीदार ने बताया कि 25 अप्रैल 2017 डॉ. प्रभाकर ननावरे द्वारा एक आवेदन थाना स्टेशन रोड पर दिया। जिसमें बताया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपलौदा में एनएमए अनवर खां का शासकीय सेवा में रहते हुए 8 नवंबर 2014 को निधन हो गया था।

निधन के बाद इनके बेटे सलमान ने 13 फरवरी 2015 को अनुकंपा



नियुक्ति के लिए आवेदन दिया। आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता कक्षा 10वीं एवं हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा की अंकसूची साईस बायलॉजी समेत अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किए।

10 जून 2016 को अभियुक्त सलमान खान को दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर अस्थाई नियुक्ति जिला अस्पताल रतलाम में लेब असिस्टेंट (तृतीय श्रेणी) के पद पर मिली। 13 जून 2016 को अभियुक्त सलमान ने लेब असिस्टेंट का पद पर ज्वाइन किया। जिला अस्पताल से लेटर के माध्यम से 27 फरवरी 2017 को संचालक मध्यप्रदेश राज्य ओपन स्कूल भोपाल से अभियुक्त सलमान की हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा की अंकसूची साईस बायलॉजी का सत्यापन करवाया।

तब भोपाल से से जानकारी दी गई कि कार्यालयीन अभिलेखानुसार मिलान करने पर अंकसूची का मिलान नहीं हो पाया है। तब सिविल सर्जन रतलाम द्वारा 12 अप्रैल 2017 को अवगत कराया कि अभियुक्त सलमान की अंकसूची असत्य, फर्जी एवं कूट रचित है।

### सैलरी के 90 हजार रुपए से अधिक राशि भी प्राप्त की

अभियुक्त ने नियुक्ति दिनांक से शासकीय राशि कुल 97,348/- रुपए वेतन के रूप में प्राप्त किए। अभियुक्त सलमान द्वारा विभाग को गुमराह कर नियुक्ति प्राप्त की है। इसके बाद थाना स्टेशन रोड ने अभियुक्त सलमान धारा 420, 467, 468, 409 में एफआईआर दर्ज की। जांच कर आवश्यक अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया।

पैरवीकर्ता अपर लोक अभियोजक समरथ पाटीदार ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस द्वारा थाने से अंकसूची का सत्यापन प्रिंसिपल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरमौर जिला रीवा से करवाया। वहां से भी जानकारी प्राप्त हुई की अभियुक्त सलमान ने हाई सेकेंडरी का फॉर्म भरा ही नहीं।

वर्ष 2007 में मध्यप्रदेश राज्य ओपन की परीक्षा आयोजित होने की जानकारी के साथ-साथ विवादित अंकसूची उनके कार्यालय से जारी होना नहीं पाई गई। अंकसूची में लगाई गई सील भी उनके स्कूल की नहीं थी। अंकसूची पर जो रोल नंबर लिखे हैं वह किसी भी विद्यार्थी को जारी नहीं किए गए।

## खबर एक नजर...

### शराब के पैसे नहीं मिलने पर सुसाइड की कोशिश मंदसौर में व्यक्ति ने खाया जहर, जिला अस्पताल में इलाज जारी

**मंदसौर.** मंदसौर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत किला रोड स्थित बनिया चौक पर बुधवार रात एक व्यक्ति ने आत्महत्या का प्रयास किया। 38 वर्षीय कारू पटेल ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जान देने की कोशिश की। उसे समय रहते परिजनों और पुलिस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार, कारू पटेल पिता विजय पटेल ने बुधवार रात जहरीला पदार्थ खा लिया था। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने तुरंत डायल 112 को सूचना दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और युवक को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। परिजनों ने बताया कि कारू पटेल लंबे समय से शराब का आदी है और लगातार पैसे की मांग करता रहता था। उसकी माता मंजू सोनी के अनुसार, घर वालों ने शराब पीने के लिए पैसे देने से मना कर दिया था, जिसके बाद उसने यह आत्मघाती कदम उठाया।

बताया गया है कि कारू पटेल कोई कामकाज नहीं करता था और दिनभर नशे में रहता था। उसकी इस आदत से परिवार भी काफी परेशान था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आत्महत्या के प्रयास के पीछे के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

### तेल की केन उलझने से बाइक गिरी, युवक घायलः, बैलेंस बिगड़ने से गिरा

**मंदसौर.** मंदसौर जिले के पिपलिया मंडी थाना क्षेत्र के पास पलेवना गांव में बुधवार रात एक सड़क हादसा हुआ, जिसमें 30 वर्षीय युवक हरीश जाटव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार हरीश जाटव, पिता नागुलाल जाटव, निवासी ग्राम बेलारा, मजदूरी करके घर लौट रहा था। उसके साथ तेल की एक केन भी थी, जिसे वह मोटरसाइकिल के हैंडल पर रखकर ले जा रहा था। परिवार के अनुसार रास्ते में तेल की केन हैंडल में उलझ गई, जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और हरीश सड़क पर गिर गया। इस दौरान उसके सिर, मुंह, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत हरीश को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसका इलाज शुरू कर दिया है।

### शामगढ़-गरोठ रोड पर ट्रैक्टर-ट्रॉली खाई में पलटीः टायर पंचर होने से हादसा



**गरोठ.** मंदसौर जिले के शामगढ़-गरोठ रोड पर बुधवार दोपहर 2 बजे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गई। छोटू महाराज सिनेमा के पास हुए इस हादसे में दो लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक, ट्रैक्टर चालक रामनिवास शामगढ़ की मंडी में अपनी फसल बेचकर खाली ट्रॉली के साथ घर लौट रहे थे। जैसे ही वे सिनेमाघर के पास पहुंचे, अचानक ट्रैक्टर का टायर पंचर हो गया। टायर फटने से रामनिवास वाहन पर काबू नहीं रख पाए और ट्रैक्टर-ट्रॉली सीधे सड़क किनारे बनी गहरी खाई में जा गिरी।

इस घटना में ड्राइवर रामनिवास के पैर और पीठ में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि उनके साथ मौजूद प्रभु लाल भी घायल हुए हैं।

# रतलाम में सरकारी कर्मचारियों का प्रदर्शनःप्रशासन के खिलाफ नारेबाजी; पात्रता परीक्षा निरस्त करने व कर्मचारियों की रखी समस्या





ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

रतलाम जिले के 24 कर्मचारी संगठनों ने जिला व प्रदेश स्तर की मांगों के निराकरण को लेकर प्रदर्शन किया। शाम 5.30 बजे सभी कर्मचारी पुराने कलेक्ट्रेट स्थित गुलाब चक्कर पर एकत्र हुए। यहां से रैली निकालकर जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे। डिप्टी कलेक्टर संजय शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के पहले कर्मचारियों ने जमकर अपनी मांगों के निराकरण को लेकर नारेबाजी की। प्रशासन होश में आओ, शिक्षक पात्रता परीक्षा नहीं देंगे को लेकर नारेबाजी की। यह प्रदर्शन मध्यप्रदेश अधिकारी, कर्मचारी, पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा के बैनर तले किया गया।

प्रदर्शन के दौरान शिक्षक संचालक लोक शिक्षण भोपाल द्वारा जारी शिक्षकों की पात्रता परीक्षा संबंधी आदेश को निरस्त करने की मांग कर्मचारियों के विभिन्न संवर्ग की जिला स्तरीय समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। बड़ी संख्या में जिले भर के शिक्षक और कर्मचारी इस प्रदर्शन में शामिल हुए। कर्मचारी पहले कलेक्ट्रेट जाकर ज्ञापन देने वाले थे। कर्मचारी कलेक्ट्रेट के बाहर एकत्र हो गए। लेकिन बाद में उन्हें प्रशासनिक अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में 144 धारा लागू होने का हवाला देते हुए स्थान बदल दिया। प्रदर्शन में कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए।

पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पाटीदार ने बताया, ₹कर्मचारियों की प्रदेश स्तर से लेकर जिला स्तर की कई समस्या लंबित है। पूर्व में कई बार अवगत करा चुके है।

उन्होंने आगे कहा, ₹लेकिन जिलाधिकारी निराकरण नहीं कर रहे है। शासकीय कार्य के अलावा कोई भी बात नहीं सुनी जा रही है। इसी को लेकर कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले ज्ञापन दिया गया। जाएगा। इस प्रदर्शन में मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, राज्य कर्मचारी संघ, शिक्षक महासंघ, शासकीय शिक्षक संगठन और समग्र शिक्षक संघ शामिल हुआ।

इसके अलावा आजाद अध्यापक शिक्षक संघ, शिक्षक कांग्रेस, राजपत्रित अधिकारी संघ, पटवारी संघ, राजस्व निरीक्षक संघ, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, लघु वेतन कर्मचारी और वन कर्मचारी संघ ने भी हिस्सा लिया साथ ही प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी कर्मचारी संघ, लैब टेक्नीशियन कर्मचारी संघ, अजाक्स और लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ के पदाधिकारी भी शामिल रहे।

# 30 घंटे बाद खत्म हुआ करणी सेना का धरनाः रतलाम में फोरलेन से हटे प्रदर्शनकारी

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम


रतलाम में करणी सेना परिवार का महू-नीमच फोरलेन पर चल रहा विरोध प्रदर्शन करीब 30 घंटे बाद समाप्त हो गया। 11 सूत्रीय मांगों के निराकरण का आश्वासन मिलने और 14 साल की नाबालिग की तलाश किए जाने के बाद जीवनसिंह शेरपुर ने धरना खत्म करने की घोषणा की। इसके साथ ही फोरलेन पर डटे करणी सैनिक सड़क से उठ गए।

बता दें, धरना मंगलवार से शुरू हुआ और बुधवार शाम तक चला। इस बीच करणी सैनिकों ने मंगलवार रात को महू-नीमच फोरलेन पर टेंट लगाया, खाना बनवाया और सड़क पर ही बिस्तर लगाकर सो गए। करणी सेना परिवार प्रमुख जीवनसिंह शेरपुर ने कहा, हम कोई उपद्रव नहीं कर रहे हैं। कलेक्टर मैडम आएंगे हमारी बात सुनें। जब तक हमारी बात नहीं सुनी जाएगी, हम यहीं सड़क पर बैठे रहेंगे। कलेक्टर के नहीं मिलने पर जीवन सिंह ने कहा, हम अपनी संवैधानिक बात रखना चाहते थे, लेकिन कलेक्टर मैडम शायद ज्यादा व्यस्त थीं। नहीं मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह उनका निजी विषय है। अधिकारी का तो आदेश चलता है। उन्होंने यह स्वीकार नहीं किया कि हम इस प्रदेश और इस देश के नागरिक हैं, उनके जिले के लोग हैं। अगर वह आतीं, तो हम अपनी समस्याएं बेहतर तरीके से रखते और कुछ अधिकारियों की शिकायत भी करते। उन्होंने मिलने से रोका, इसलिए हमें धरना देना पड़ा।

जीवन सिंह ने कहा कि दो माह से एक 14 साल की नाबालिग गुमशुदा थी। परिजन पुलिस के चक्कर काटकर थक गए थे। हमने धरने में प्रमुख मांग बालिका को तलाशने की रखी थी। धरना देते ही बालिका को तलाश लिया गया। क्या हर बालिका के गायब होने पर धरना देना पड़ेगा? मांगों के निराकरण का आश्वासन मिला है, इसलिए धरना समाप्त कर रहे हैं। वहीं अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि 11 बिंदुओं को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा था। उन पर की गई कार्रवाई से अवगत कराया गया है। कल भी हमने सारी कार्रवाई के बारे में बताया था, लेकिन वे संतुष्ट नहीं थे। जो बिंदु हैं, उन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, 11 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर करणी सेना के लोग जीवनसिंह शेरपुर के नेतृत्व में मंगलवार को कलेक्ट्रेट का घेराव करने जा रहे थे, जिन्हें रतलाम शहर से बाहर डोसी गांव फोरलेन पर पुलिस ने रोक दिया था।

शहर के सभी एंट्री प्वाइंट पर पुलिस बल तैनात था। प्रदर्शनकारियों को कलेक्ट्रेट जाने से रोका गया। करणी सैनिक कलेक्टर मिशा सिंह से ही मिलने की मांग पर अड़े रहे। कलेक्टर के नहीं आने पर सभी सड़क पर बैठ गए। दिनभर रोड पर जाम की स्थिति बनी रही।




# राजा शिवाजी का पहला टीजर धुरंधर-2 के साथ रिलीज होगा

## रितेश देशमुख की मूवी 1 मई को आएगी, फिल्म में छत्रपति शिवाजी महाराज की गाथा

रितेश देशमुख की फिल्म 'राजा शिवाजी' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी ने एलान किया है कि इस फिल्म का पहला लुक टीजर 19 मार्च को रिलीज हो रही फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' के साथ बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा।

दर्शकों को इस फिल्म की पहली झलक आज 'धुरंधर' के पेड प्रिव्यू के दौरान ही सिनेमाघरों में मिल चुकी है।

**सिर्फ थिएटर में दिखेगा पहला टीजर-** मेकर्स ने इस टीजर को फिलहाल 'सिनेमा एक्सक्लूसिव' रखने का फैसला किया है। यानी इसे देखने के लिए आपको थिएटर ही जाना होगा। इस टीजर के जरिए छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन और उनके शौर्य की एक झलक पेश की जाएगी। फिल्म में रितेश देशमुख न केवल मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि वे खुद इसका निर्देशन भी कर रहे हैं।

**स्वराज्य की नींव रखने वाले योद्धा की कहानी-** 'राजा शिवाजी' फिल्म एक ऐसे बेटे की कहानी है जिसने अत्याचारी ताकतों के खिलाफ खड़े होने की शपथ ली और स्वराज्य की नींव रखी। रितेश देशमुख ने इस फिल्म को बड़े स्तर पर तैयार किया है। फिल्म का उद्देश्य इस ऐतिहासिक गाथा को न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक स्तर पर एक मिसाल के रूप में पेश करना है।

**1 मई को दुनिया भर में होगी रिलीज-** 'राजा शिवाजी' का निर्माण ज्योति देशपांडे और जेनेलिया देशमुख ने जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी के बैनर तले किया है। फिल्म 1 मई, 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह दिन महाराष्ट्र दिवस के तौर पर भी मनाया जाता है, जो फिल्म की रिलीज के लिए काफी खास माना जा रहा है।

# 'सरके चुनर' गाना यूट्यूब से हटाया

## लिरिक्स और विजुअल्स से अश्लीलता फैलाने का आरोप
## अरमान मलिक-हरभजन सिंह ने भी विरोध जताया




अपकमिंग फिल्म केडीः द डेविल का नया गाना सरके चुनर तेरी सरके रिलीज होते ही विवाद में फंस गया है। आम लोगों के विरोध और कानूनी शिकायतों के बाद यूट्यूब से हटा दिया गया है।

संजय दत्त और नोरा फतेही पर फिल्माए गए इस गाने पर अश्लीलता फैलाने का आरोप है। अश्लील लिरिक्स और विजुअल्स को लेकर सोशल मीडिया पर भी गाने का भारी विरोध किया जा रहा है।

वहीं ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन के चेयरमैन प्रसून जोशी को आधिकारिक पत्र लिखकर गाने के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

एआईसीडब्ल्यूए का कहना है कि इस तरह का अश्लील और डबल मीनिंग कंटेंट भारतीय सिनेमा के लिए स्वीकार्य नहीं है।

**यूट्यूब से हटा गाने का वीडियो-** जैसे ही यह गाना स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुआ, यूजर्स ने इसके बोल और विजुअल्स को 'फूहड़' और 'डबल मीनिंग' बताया। विवाद इतना बढ़ा कि रिलीज के महज एक दिन बाद ही मेकर्स ने इसे हटा लिया।

अब यूट्यूब पर गाने के लिंक को क्लिक करने पर वीडियो उपलब्ध नहीं है, यह वीडियो प्राइवेट है का मैसेज दिखाई दे रहा है। नोरा फतेही ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से इस गाने के वीडियो को डिलीट कर दिया है।



### अरमान मलिक और हरभजन सिंह ने जताया विरोध

इस गाने को लेकर सिर्फ आम लोग ही नहीं, बल्कि फिल्म इंडस्ट्री और खेल जगत की हस्तियों ने भी नाराजगी जताई है। सिंगर अरमान मलिक ने सोशल मीडिया पर इस गाने की आलोचना करते हुए इसे गीत-लेखन के क्षेत्र में गिरावट की नई मिसाल बताया। वहीं, पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने भी गाने के कंटेंट का कड़ा विरोध किया है। लोगों का कहना है कि नोरा के डांस स्टेप्स और एक्सप्रेशंस काफी वल्गर हैं, जिसका युवाओं पर गलत असर पड़ेगा।

### एनएचआरसी का नोटिस और दिल्ली पुलिस में शिकायत

गाने के खिलाफ कानूनी शिकंजा भी कसता जा रहा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने आपत्तिजनक बोल के इस्तेमाल को लेकर फिल्म के मेकर्स को नोटिस जारी किया है। इसके अलावा, सोशल एक्टिविस्ट और एडवोकेट ने दिल्ली पुलिस की साइबर सेल में इस गाने के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि यह गाना समाज में अश्लीलता को बढ़ावा देता है। शिकायतकर्ता ने लिरिसिस्ट रकीब आलम, डायरेक्टर प्रेम और कंपोजर अर्जुन जान्या के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### फिल्म 'केडी' का आइटम नंबर है सरके चुनर

यह गाना फिल्म केडीः द डेविल का एक आइटम नंबर है। इसमें नोरा फतेही ने घाघरा-चोली पहनकर डांस किया है। गाने का हुक स्टेप, जिसमें नोरा अपने पल्लू का इस्तेमाल करती हैं, रिलीज के साथ ही चर्चा में आ गया था। हालांकि, फिल्म के मेकर्स, संजय दत्त या नोरा फतेही की तरफ से अभी तक इस विवाद पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।



# चेक बाउंस केस में राजपाल यादव को राहत

## 1 अप्रैल तक जेल नहीं जाना होगा, कोर्ट ने कहा- पैसा चुकाने का यह आखिरी मौका

चेक बाउंस मामले में फंसे बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव को दिल्ली हाई कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि क्योंकि राजपाल ने अब तक बकाया राशि का एक बड़ा हिस्सा जमा कर दिया है, इसलिए उन्हें फिलहाल वापस जेल नहीं भेजा जाएगा। अब मामले की अगली सुनवाई 1 अप्रैल को होगी। हालांकि, कोर्ट ने यह साफ कर दिया कि अगली सुनवाई की तारीख को टाला नहीं जाएगा और मामले पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। कोर्ट ने इसे राजपाल के लिए आखिरी मौके की तरह देखने को कहा है।

**आज जमा किया 25 लाख का डिमांड ड्राफ्ट-** सुनवाई के दौरान राजपाल यादव के वकील ने कोर्ट को जानकारी दी कि राजपाल ने अब तक शिकायतकर्ता कंपनी 'मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड' को 4.25 करोड़ रुपए चुका दिए हैं। वकील ने आज कोर्ट में 25 लाख रुपए का एक और डिमांड ड्राफ्ट जमा किया। इसके साथ ही कोर्ट में रेगुलर बेल (नियमित जमानत) की अर्जी भी दी गई, क्योंकि राजपाल की अंतरिम जमानत आज खत्म हो रही थी।

**कोर्ट ने पूछा- क्या लोन लिया था-** कार्यवाही के दौरान जज ने राजपाल यादव से सीधे सवाल किया कि क्या उन्होंने लोन लिया था? इस पर एक्टर ने स्वीकार किया कि उन्होंने पैसे लिए थे। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि राजपाल को पहले भी पैसे लौटाने के कई मौके दिए गए थे, लेकिन उन्होंने समय पर भुगतान नहीं किया। कोर्ट ने इसे राजपाल के लिए आखिरी मौके की तरह देखने को कहा है।

**राजपाल बोले- 'जेल जाने से हुआ भारी नुकसान'-** राजपाल यादव ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि 2016 के आदेश के मुताबिक उन्हें 10.40 करोड़ रुपए चुकाने थे। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने अपने एक दोस्त की 28 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी के दस्तावेज भी सुरक्षा के तौर पर दिए थे। राजपाल ने आरोप लगाया कि दूसरा पक्ष बकाया पैसे लेने के बजाय उन्हें जेल भेजने में ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पहले जेल जाने की वजह से उनकी आर्थिक स्थिति और बिगड़ गई, जिससे उन्हें एक फिल्म प्रोजेक्ट में 22 करोड़ रुपए का घाटा हुआ।

# श्रीदेवी प्रॉपर्टी विवाद में बोनी कपूर हाई कोर्ट पहुंचे

**जान्हवी और खुशी कपूर संग याचिका दाखिल, चेन्नई ईसीआर संपत्ति पर कानूनी लड़ाई तेज हुई**





दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की संपत्ति को लेकर कानूनी विवाद एक बार फिर सुर्खियों में है। फिल्म प्रोड्यूसर बोनी कपूर और उनकी बेटियां जान्हवी कपूर व खुशी कपूर ने इस मामले में मद्रास हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

रिपोर्ट के मुताबिक यह पूरा मामला चेन्नई के ईस्ट कोस्ट रोड स्थित श्रीदेवी की एक प्रॉपर्टी से जुड़ा है। इस संपत्ति को लेकर एक व्यक्ति ने दावा किया है और इसी के तहत उसने चेंगलपट्टू की जिला अदालत में याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, चेंगलपट्टू ने कपूर परिवार की उस अपील को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने इस याचिका को शुरुआती स्तर पर ही खारिज करने की मांग की थी।

निचली अदालत के इस फैसले के खिलाफ अब बोनी कपूर और उनकी बेटियों ने मद्रास हाई कोर्ट में चुनौती दी है। उनका कहना है कि यह मुकदमा कानूनन टिकाऊ नहीं है और इसे खारिज किया जाना चाहिए। कपूर परिवार का तर्क है कि संपत्ति से जुड़े सभी अधिकार और दस्तावेज उनके पक्ष में हैं, ऐसे में इस तरह के दावे निराधार हैं।

वहीं, याचिकाकर्ता का दावा है कि संपत्ति को लेकर कुछ अधिकार उसके पास भी हैं, जिनकी कानूनी जांच जरूरी है। इसी आधार पर उसने कोर्ट में मामला दायर किया है। अब इस पूरे विवाद पर अंतिम फैसला हाई कोर्ट में सुनवाई के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

यह मामला इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि यह सीधे तौर पर श्रीदेवी की विरासत से जुड़ा है। उनके निधन के बाद से ही उनकी संपत्तियों और अधिकारों को लेकर समय-समय पर खबरें सामने आती रही हैं।

फिलहाल, मद्रास हाईकोर्ट में इस याचिका पर सुनवाई का इंतजार है। अब देखना होगा कि कोर्ट इस मामले में क्या रुख अपनाता है और क्या कपूर परिवार को राहत मिलती है या नहीं।

# आइपीएल से पहले सीएसके का मेगा रीयूनियन

## 22 मार्च को चेपॉक स्टेडियम में इवेंट, रैना-हेडन समेत कई दिग्गज जुटेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



आईपीएल 2026 से पहले चेन्नई सुपर किंग्स 22 मार्च को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में एक खास रीयूनियन कार्यक्रम करने जा रही है। इस इवेंट में टीम के कई पूर्व खिलाड़ी शामिल होंगे, जिनमें कुछ ऐसे नाम भी हैं जो इस समय दूसरी फ्रेंचाइजी से जुड़े हुए हैं।

**मुरलीधरन, हेडन और रैना शामिल होंगे-** इस रीयूनियन में मुथैया मुरलीधरन, मैथ्यू हेडन और ड्वेन ब्रावो जैसे दिग्गजों के आने की पुष्टि हो चुकी है। वहीं सुरेश रैना भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। करीब 19-20 पूर्व खिलाड़ी, मौजूदा टीम और सपोर्ट स्टाफ के साथ इस कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे।

इवेंट को लेकर शुरूआत में चर्चा थी कि कोई बड़ा ऐलान हो सकता है, लेकिन फ्रेंचाइजी ने साफ किया है कि यह सिर्फ सीजन से पहले का फैन एंगेजमेंट कार्यक्रम है। सीएसके के सीईओ काशी विश्वनाथन ने कहा कि इसे ज्यादा बड़ा मतलब निकालने की जरूरत नहीं है।

**एआर रहमान परफॉर्म करेंगे-** कार्यक्रम शाम 4 बजे से 9 बजे तक चलेगा और इसमें संगीतकार एआर रहमान की प्रस्तुति भी होगी। टीम ने अन्य फ्रेंचाइजी से भी संपर्क किया है ताकि उनके कोचिंग स्टाफ से जुड़े पूर्व खिलाड़ी इस दिन के लिए उपलब्ध हो सकें।

**अश्विन शामिल नहीं होंगे-** आर अश्विन इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाएंगे क्योंकि वह शहर से बाहर रहेंगे। वहीं संजू सैमसन और शिवम दुबे, जो हाल ही में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे, इस समय चेन्नई में चल रहे कैंप से जुड़ जाएंगे।

**पहला मैच राजस्थान के खिलाफ-** चेन्नई सुपर किंग्स अपना आईपीएल 2026 अभियान 30 मार्च को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शुरू करेगी। टीम का पहला होम मैच 3 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ होगा।

**चेन्नई ने 5 आईपीएल खिताब जीते-** सीएसके ने आईपीएल इतिहास में अब तक कुल 5 खिताब (2010, 2011, 2018, 2021, 2023) अपने नाम किए हैं। टीम पहले ही सीजन 2008 के फाइनल में पहुंची थी। 2010 और 2011 में लगातार दो खिताब जीतकर सीएसके ने अपना दबदबा कायम किया, जबकि 2018 में दो साल के निलंबन के बाद वापसी करते हुए चैंपियन बनना टीम की सबसे बड़ी उपलब्धियों में गिना जाता है।

## ईशान कर सकते हैं एसआरएच की कप्तानी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



सनराइजर्स हैदराबाद के नियमित कप्तान पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन क्ढछ 2026 की शुरूआत में टीम की कप्तानी कर सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक कमिंस अभी बैक इंजरी से उबर रहे हैं और यह साफ नहीं है कि वे कब टीम से जुड़ेंगे।

कमिंस को यह चोट 2025-26 एशेज सीरीज से पहले लगी थी। शुरूआत में माना जा रहा था कि वे पूरी सीरीज मिस करेंगे,लेकिन उन्होंने एक टेस्ट खेला और फिर दोबारा टीम से बाहर हो गए। हालांकि, ईशान को शुरूआती मैचों की कप्तानी सौंपे जाने को लेकर फ्रेंचाइजी की ओर से अभी कुछ नहीं कहा गया है।

ईशान किशन के पक्ष में गया कप्तानी का अनुभव ईशान किशन ने अपनी कप्तानी में झारखंड को पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब दिलाया है। कप्तानी के साथ-साथ ईशान बल्ले से भी बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने उस टूनार्मेंट में 197.33 की स्ट्राइक

## पाकिस्तानी खिलाड़ी खरीदना भारतीयों की जान से खिलवाड़



### इस पैसे से हथियार खरीदे जाते हैं, सनराइजर्स ने ब्रिटिश लीग में अबरार को खरीदा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

इंग्लैंड की लीग द हंड्रेड में सनराइजर्स लीड्स के पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद को खरीदने पर विवाद खड़ा हो गया है। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। गावस्कर ने कहा कि भारतीय मालिकों का पाकिस्तानी खिलाड़ियों को खरीदना भारतीयों की जान से खिलवाड़ जैसा है। ऐसे फैसलों से बचना चाहिए। इन पैसों से भारत के खिलाफ लड़ने के लिए हथियार खरीदे जाते हैं। सनराइजर्स लीड्स ने 13 मार्च को लंदन में हुए ऑक्शन में अबरार को 2.34 करोड़ में खरीदा था। ऑक्शन में सनराइजर्स की उएड काव्या मारन भी मौजूद थीं। आइपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद और साउथ अफ्रीका लीग (एस20) की सनराइजर्स ईस्टर्न केप की ओनरशिप उनके पास ही है। एसआरएच के अबरार को खरीदने के फैसले के बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने काफी विरोध भी किया था। एसआरएच का ऑफिशियल एक्स अकाउंट भी टेम्परेरी तौर पर बैन कर दिया गया था। विवाद स्वाभाविक था- सुनील गावस्कर ने कहा कि द हंड्रेड में किसी भारतीय मालिक वाली टीम द्वारा पाकिस्तानी खिलाड़ी को खरीदने पर विवाद होना हैरान करने वाली बात नहीं है। पैसा पाक सरकार तक पहुंचता है- गावस्कर के मुताबिक जब पाकिस्तानी खिलाड़ी को फीस दी जाती है, तो वह अपने देश में टैक्स देता है और वह पैसा वहां की सरकार के पास जाता है। वही पैसा हथियार खरीदने में इस्तेमाल हो सकता है और इससे भारतीय सैनिकों व नागरिकों को नुकसान पहुंच सकता है।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









राष्ट्रपति ट्रंप ने

# तेल लागत घटाने को जोन्स एक्ट में 60 दिन की छूट दी




ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

अमेरिका और इस्त्रादल के ईरान के साथ जारी युद्ध के बीच तेल की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप ने ऐतिहासिक जोन्स एक्ट में 60 दिन की छूट का ऐलान किया है। होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव और वैश्विक ऊर्जा बाजार पर इसके प्रभाव की विस्तृत बिजनेस रिपोर्ट पढ़ें।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तेल की बढ़ती कीमतों को कम करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उन्होंने 18 मार्च 2026 को जोन्स एक्ट के माल ढुलाई नियमों में 60 दिनों की छूट देने की घोषणा की है। यह छूट अमेरिकी बंदरगाहों के बीच माल ढुलाई के लिए अमेरिकी ध्वज वाले जहाजों की आवश्यकता पर लागू होगी। जोन्स एक्ट 1920 के दशक का एक शताब्दी पुराना कानून है। इसका उद्देश्य अमेरिकी जहाज निर्माण क्षेत्र की रक्षा करना है। यह कानून अक्सर गैस की कीमतों को महंगा बनाने के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। यह कदम रिपब्लिकन प्रशासन पर बढ़ते दबाव को दशार्ता है। प्रशासन पर बढ़ती तेल कीमतों को कम करने का भारी दबाव है। अमेरिका और इस्त्राइल ईरान के साथ एक अनिश्चित युद्ध लड़ रहे हैं। इस युद्ध से वैश्विक तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में यातायात रोक दिया है। यह जलडमरूमध्य दुनिया के एक-पांचवें हिस्से तेल का महत्वपूर्ण मार्ग है। जोन्स एक्ट के तहत अमेरिकी बंदरगाहों के बीच माल केवल अमेरिकी जहाजों से ही ले जाया जा सकता है। इन जहाजों का निर्माण व स्वामित्व अमेरिकी कंपनियों के पास होना चाहिए।

वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच भारत की बड़ी उपलब्धि: 24 दिन पहले ही टूटा रिकॉर्ड

# कोयला उत्पादन 200 मिलियन टन के पार




ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान देश में कोयले का उत्पादन 200 मिलियन टन के ऐतिहासिक आंकड़े को पार कर गया है। यह लक्ष्य पिछले साल के मुकाबले 24 दिन पहले ही हासिल कर लिया गया।

पश्चिम एशिया में ईरान और इस्त्राइल के बीच बढ़ते तनाव और इस वैश्विक उथल-पुथल के बीच भारत के लिए ऊर्जा के मोर्चे पर एक अच्छी खबर आई है। देश में कोयला उत्पादन ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। केंद्र सरकार ने बताया है कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 11 मार्च तक कोयले का उत्पादन 200 मिलियन टन के ऐतिहासिक स्तर को पार कर गया है। कोयला मंत्रालय के मुताबिक, यह उपलब्धि देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम है। इस सफलता में सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों का बड़ा योगदान रहा है।

मंत्रालय के अनुसार, कुल उत्पादन में कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला खदानों की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा रही है। इन खदानों से 194.17 मिलियन टन कोयला निकाला गया। वहीं, अन्य खदानों ने 6.06 मिलियन टन का योगदान दिया। इन दोनों को मिलाकर कुल उत्पादन 200 मिलियन टन के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया है। पिछले साल के मुकाबले इस बार उत्पादन में 10.56 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

**आत्मनिर्भर भारत की ओर कदम-** कोयला मंत्रालय का कहना है कि यह सफलता आत्मनिर्भर भारत के सपने को सच करने की दिशा में अहम है। सरकार की दूरदर्शी नीतियों और नई तकनीक के इस्तेमाल से खनन क्षेत्र में तेजी आई है। इस साल घरेलू उत्पादन और आपूर्ति खपत से ज्यादा रही है। यही वजह है कि खदानों और बिजली संयंत्रों में कोयले का स्टॉक अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है। भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### समय से पहले हासिल किया लक्ष्य

खास बात यह है कि इस साल का उत्पादन पिछले वित्त वर्ष के कुल उत्पादन से भी आगे निकल गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 197.32 मिलियन टन कोयला पैदा हुआ था। इस आंकड़े को भारत ने 7 मार्च 2026 को ही पार कर लिया था। यानी पिछले साल के मुकाबले यह उपलब्धि 24 दिन पहले ही हासिल कर ली गई। यह इस क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों और मजदूरों की कड़ी मेहनत का नतीजा है। मंत्रालय ने इस सामूहिक प्रयास की सराहना की है।

### आपूर्ति में भी हुई बढ़ोतरी

कोयले के उत्पादन के साथ-साथ इसकी सप्लाई में भी तेजी आई है। कोयले की आपूर्ति पिछले साल के 182.98 मिलियन टन से बढ़कर 197.09 मिलियन टन हो गई है। इसमें सालाना आधार पर 7.71 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। सरकार का कहना है कि आपूर्ति में यह बढ़ोतरी देश की बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए बहुत जरूरी है। इससे बिजली घरों और उद्योगों को बिना किसी रुकावट के कोयला मिल सकेगा।

पैन आवेदन नियमों में बदलाव

# अप्रैल से इन दस्तावेजों की होगी जरूरत




ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

सरकार ने स्थायी खाता संख्या (पैन) आवेदन प्रक्रिया में बदलाव की घोषणा की है। ये संशोधित नियम 1 अप्रैल, 2026 से लागू होंगे। नागरिकों को 31 मार्च, 2026 से पहले केवल आधार का उपयोग करके आवेदन करने की सलाह दी गई है।
सरकार ने स्थायी खाता संख्या (पैन) के आवेदन प्रक्रिया में बड़े बदलाव की घोषणा की है। नए नियम 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे, जिसके बाद पैन कार्ड के लिए केवल आधार के आधार पर आवेदन करना संभव नहीं होगा। सरकार समर्थित कॉमन सर्विस सेंटर्स (सीएससी) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल 31 मार्च 2026 तक नागरिक केवल आधार के जरिए ढअठ के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद नए नियम लागू होने पर अतिरिक्त दस्तावेज अनिवार्य हो जाएंगे।

### क्या बदल जाएगा?

- 1 अप्रैल 2026 के बाद केवल आधार से पैन आवेदन स्वीकार नहीं होगा।
- आवेदन के साथ जन्मतिथि का प्रमाण देना जरूरी होगा।
- नए पैन आवेदन फॉर्म लागू होंगे, पुराने फॉर्म मान्य नहीं रहेंगे।
- पैन कार्ड में दर्ज नाम को आधार के अनुसार ही रखा जाएगा।

### किन दस्तावेजों की होगी जरूरत?

जन्म प्रमाण पत्र, वोटर आईडी
मैट्रिक प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस
पासपोर्ट, शपथ पत्र (अफिडेविट)
अन्य सरकारी दस्तावेज

पाकिस्तान को पड़ी दोहरी मार: आईएमएफ के सामने गिड़गिड़ाना नहीं आया काम

# एक अरब डॉलर की किस्त को लेकर बातचीत ठप

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पाकिस्तान और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के बीच एक अरब डॉलर की किस्त जारी करने को लेकर चल रही बातचीत एक बार फिर ठप पड़ गई है। रिपोट्र्स के मुताबिक, इसकी वजह मौजूदा बजट की विश्वसनीयता पर उठ रहे सवाल और टैक्स कलेक्शन का कम होना है।

**पाकिस्तान का टैक्स सिस्टम ले डूबा-** कराची के अखबार 'बिजनेस रिकॉर्डर' के अनुसार, आईएमएफ ने एक बार फिर पाकिस्तान के टैक्स सिस्टम पर सवाल उठाए हैं। आईएमएफ का कहना है कि राजस्व लक्ष्य हासिल होना मुश्किल दिखाई देता है। लेख में कहा गया है, यह चिंता जायज है। पाकिस्तान की कर व्यवस्था लंबे समय से कमजोर प्रदर्शन करती रही है। देश का टैक्स-टू-जीडीपी अनुपात 9-10 प्रतिशत के आसपास ही अटका है, जो समान उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में सबसे कम है। कर दायरा सीमित है, अनौपचारिक अर्थव्यवस्था बहुत बड़ी है और कर अनुपालन भी कमजोर है। दशकों से हर




आईएमएफ कार्यक्रम में पाकिस्तान से कर प्रशासन सुधारने, कर आधार बढ़ाने और राजस्व लक्ष्य बढ़ाने की मांग की जाती रही है, लेकिन इन प्रयासों के बावजूद नतीजे सीमित ही रहे हैं।औपचारिक क्षेत्र अभी भी कर का अधिकांश बोझ उठाता है, जबकि संपत्ति के बड़े हिस्से, खासतौर पर खुदरा कारोबार, कृषि और अन्य क्षेत्रों पर बहुत कम कर लगता है या वे पूरी तरह व्यवस्था से बाहर हैं।अनौपचारिक अर्थव्यवस्था, जिसे अक्सर जीडीपी का लगभग 40 प्रतिशत माना जाता है, काफी हद तक कर प्रणाली की पकड़ से बाहर है। लेख के अनुसार, अजीब बात यह है कि जहां आईएमएफ कार्यक्रम राजस्व लक्ष्यों पर बहुत जोर देते हैं, वहीं सार्वजनिक उपक्रमों में सुधार की तत्काल आवश्यकता उतनी मजबूत नहीं दिखाई देती। निजीकरण की योजनाएं धीमी गति से आगे बढ़ती हैं, पुनर्गठन की समय-सीमा बार-बार टलती है और घाटे में चल रही संस्थाओं को सरकारी वित्तीय सहायता मिलती रहती है। पाकिस्तान के ऊर्जा क्षेत्र में एक और बड़ा वित्तीय संकट मौजूद है। देश का सर्कुलर डेब्ट (बिजली व्यवस्था के भीतर बकाया भुगतान की जटिल श्रृंखला) कई लाख करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है।

### घाटे में चल रहे सरकारी उपक्रम

लेख के मुताबिक, पाकिस्तान की वित्तीय समस्या केवल इतनी नहीं है कि सरकार बहुत कम राजस्व जुटाती है। उतनी ही बड़ी समस्या यह भी है कि सार्वजनिक क्षेत्र में भारी वित्तीय घाटा जारी है और इस पर निर्णायक सुधार नहीं हो पाए हैं। इसका सबसे स्पष्ट उदाहरण घाटे में चलने वाले सार्वजनिक उपक्रमों से होने वाला लगातार नुकसान है। पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) और पाकिस्तान स्टील मिल्स जैसी संस्थाओं ने वर्षों में भारी घाटा जमा किया है। इनकी देनदारियों का बोझ राष्ट्रीय खजाने पर पड़ता है, जिसे सब्सिडी, गारंटी और कर्ज पुनर्गठन के माध्यम से वहन किया जाता है। ये संस्थान मुख्य रूप से इसलिए जीवित हैं क्योंकि सरकारें इनके पुनर्गठन या निजीकरण से जुड़े राजनीतिक जोखिमों का सामना करने से हिचकती हैं। फिर भी इनके वित्तीय नुकसान हर साल सैकड़ों अरब रुपए तक पहुंच जाते हैं, जो चुपचाप सार्वजनिक संसाधनों को खत्म करते रहते हैं।

बनेगा 300 अरब डॉलर का आत्मनिर्भर बाजार

# डेलॉय रिपोर्ट : 2035 तक बदल जाएगा भारतीय सेमीकंडक्टर क्षेत्र का स्वरूप

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

डेलॉय की रिपोर्ट के अनुसार 2035 तक भारत का सेमीकंडक्टर क्षेत्र 50 अरब डॉलर से बढ़कर 300 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। घरेलू उत्पादन 60% से अधिक मांग पूरी करेगा।

भारत का सेमीकंडक्टर क्षेत्र एक बड़े बदलाव के लिए तैयार है।?खास बात है कि यह 2035 तक 50 अरब डॉलर के आयात-निर्भर बाजार से बढ़कर 300 अरब डॉलर का आत्मनिर्भर सेमीकंडक्टर तंत्र बन जाएगा। डेलॉय की टेक्नोलॉजी, मीडिया एंड टेलीकम्युनिकेशंस प्रेडिक्शंस-2026 रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय सेमीकंडक्टर बाजार 2030 तक करीब तीन गुना होकर 120 अरब डॉलर और 2035 तक 300 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। यह वृद्धि एआई, मोटर वाहन क्षेत्र और डाटा सेंटर के तेजी से विस्तार से प्रेरित होगी। 2024-25 में भारत के सेमीकंडक्टर बाजार का आकार 45-50 अरब डॉलर था। पिछले तीन वर्षों में इसकी वार्षिक वृद्धि 20% रही है।

**75-80 अरब डॉलर का आएगा निवेश-** रिपोर्ट के मुताबिक, मोबाइल फोन, मोटर वाहन, कंप्यूटिंग और डाटा सेंटर जैसे क्षेत्र 2035 तक देश की सेमीकंडक्टर मांग का 70 फीसदी से अधिक का हिस्सा बनेंगे। अब तक इस क्षेत्र में 10 स्वीकृत परियोजनाओं के जरिये 19 अरब डॉलर से अधिक का निवेश आया है। अगले पांच वर्षों में 50 अरब डॉलर का अतिरिक्त निवेश आने का अनुमान है। 2030 से 2035 के बीच 75-80 अरब डॉलर का और निवेश आएगा, जिससे पूरे तंत्र का विस्तार होगा।

**घरेलू उत्पादन से पूरी होगी 60 फीसदी मांग-** रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में भारत अपनी 90 फीसदी से अधिक सेमीकंडक्टर जरूरतों को पूरा करने के लिए आयात करता है, लेकिन 2035 तक इसमें बड़ा बदलाव आने की संभावना है। घरेलू उत्पादन तब तक देश की 60 फीसदी से अधिक मांग को पूरा कर सकता है। हालांकि, रिपोर्ट में आगाह भी किया गया है कि प्रगति की इस रफ्तार को बनाए रखने के लिए प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता होगी।

# ॐ सनातन धर्म के सोलह संस्कार
# (16 Sanskar of Hindu Dharma)



**गर्भाधान संस्कार**
संतान प्राप्ति हेतु शुद्ध भाव व संकल्प



**पुंसवन संस्कार**
गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य व संरक्षण हेतु



**सीमन्तोन्नयन संस्कार**
गर्भवती माता की मानसिक एवं शारीरिक शांति हेतु



**जातकर्म संस्कार**
शिशु के जन्म के समय किया जाने वाला संस्कार



**नामकरण संस्कार**
शिशु का शुभ नामकरण



**निष्क्रमण संस्कार**
शिशु को प्रथम बार घर से बाहर ले जाना



**अन्नप्राशन संस्कार**
शिशु को प्रथम बार अन्न ग्रहण कराना



**चूड़ाकर्म (मुंडन) संस्कार**
बालों का प्रथम संस्कार



**कर्णवेध संस्कार**
कान छेदन संस्कार



**उपनयन संस्कार**
विद्या आरंभ एवं ब्रह्मचर्य का प्रवेश




**वेदारंभ संस्कार**
वेद एवं शास्त्र अध्ययन का प्रारंभ




**समावर्तन संस्कार**
शिक्षा पूर्ण कर गृहस्थ जीवन की तैयारी



**विवाह संस्कार**
धर्मपूर्वक गृहस्थ जीवन का आरंभ




**वानप्रस्थ संस्कार**
सांसारिक मोह से धीरे-धीरे विरक्ति



**संन्यास संस्कार**
पूर्ण वैराग्य व मोक्ष मार्ग की ओर गमन



**अंत्येष्टि संस्कार**
देह त्याग के पश्चात अंतिम संस्कार


Ministry of
Ayush
Government of India
सत्यमेव जयते
Eat Good
Feel Good
Include Ayurveda Aahara in your Meal
experience the change
Scan to
know more
moayush | ministryofayush | MinistryofAyushofficial

## अंतर ढूंढो...




## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. अंगरखा-4
3. मान-सम्मान, इज्जत-3
5. शुभाशीर्वाद, नियामत-4
8. केश-2
10. कसम, प्रतिज्ञा, वचन-2
11. बुरी आदत-2
13. मगरमच्छ-3
15. परिणाम-3
16. मांड़ी, स्टार्च-3
17. अक्षर (उर्दू-3)
19. रोम, केश-2
20. अधिकार, आरोप-2
21. सतह, स्तर, पटल-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. सभ्यीकरण, विवेक-3
26. एक प्रसिद्ध कवि-4

### ऊपर से नीचे

1. अनोखा, विचित्र, विलक्षण-3
2. नया, नवीन-2
3. इज्जत-2
4. कपोल-4
6. गमन, प्रेषित-3
7. पिता के पिता-2
9. चुनौती-4
13. गंदगी का ढेर-3
14. असावधानी-4
17. जेल, कालकोठरी-4
18. शोर, ध्वनि, कंपन्न-3
20. ताप, शवदाह-2
22. यज्ञ, आहुति दान-3
23. रहस्य-2
24. जल, पानी-3

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | | 3 | | 61 | | 10 | = | 66 |
| | | | | | | | | |
| 20 | | 5 | | 51 | | 25 | = | 24 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 40 | | 10 | | 25 | = | 45 |
| | | | | | | | | |
| 70 | | 18 | | 27 | | 40 | = | 75 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 45 | | 30 | | 27 | | 50 | = | 60 / 52 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | म | र | यु | दा | प | र | रू | ग | झ | दो |
| ज | अ | ल | प | मु | रि | शो | ना | रि | शा | आं |
| अं | इ | नु | म | ल | दा | ल | घ | र | ला | सें |
| ती | कु | दा | रा | धा | य | क | प | रि | स | बा |
| स | ति | श | न | धा | क | व | शै | ग | बी | र |
| शै | रं | ल | प | व | लि | र्त | ऐ | ती | प | ह |
| क | गा | ल | श | गा | प | म | र्श | की | या | ह |
| स | बा | अ | र्जा | त | क | छ | प्प | ग | श | य |
| म | स | मि | तें | व | न | ज | मृ | शा | जू | द |
| द | र | ल | श | ह | र | औ | र | स | प | ना |
| बो | इ | सा | ठ | बा | प | व | ह | डु | र | क |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | | | 1 | |
| 5 | 29 | | 37 | | 31 | 3 |
| | 3 | | 7 | 5 | | |
| 3 | 27 | 6 | 41 | | 33 | 2 |
| | | 3 | | | 5 | 4 |
| | 29 | | 27 | 4 | 30 | 1 |
| 7 | 4 | | 2 | | | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ




12 ज्योतिर्लिंग
भगवान शिव के पवित्र धाम
मल्लिकार्जुन
(आंध्र प्रदेश)
श्रीशैलम पर्वत पर।
केदारनाथ
(उत्तराखंड)
हिमालय, रुद्रप्रयाग।
सोमनाथ
(गुजरात)
प्रथम ज्योतिर्लिंग, सौराष्ट्र, सागर किनारे।
काशी विश्वनाथ
(उत्तर प्रदेश)
वाराणसी, गंगा किनारे।
ओंकारेश्वर
(मध्य प्रदेश)
खंडवा, नर्मदा तट।
नागेश्वर
(गुजरात)
द्वारका के पास।
बैद्यनाथ
(झारखंड)
देवघर, रावण से जुड़ा।
भीमाशंकर
(महाराष्ट्र)
पुणे के पास, सह्याद्री।
त्र्यंबकेश्वर
(महाराष्ट्र)
नासिक, गोदावरी उद्गम।
महाकालेश्वर
(मध्य प्रदेक्ष)
उज्जैन, दक्षिणमुखी।
रामेश्वरम
(तमिलनाडु)
सेतु तट, राम द्वारा स्थापित।
घृष्णेश्वर
(घहाराष्ट्र)
एलोरा गुफाओं के पास।

■ वर्ष-12 अंक-134 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 19 मार्च, 2026

### सुभाषितानि

सत्यं ब्रूयात प्रियं ब्रूयात न ब्रूयात सत्यं प्रियम।
प्रियं च नानृतं ब्रूयात एष धर्मः सनातनः।।

**भावार्थ** : सच बोलो प्यारे, सच मत बोलो जो आपत्तिजनक हो, झूठ मत बोलो जो मीठा हो।

आनृशंस्यं क्षमा सत्यं अहिंसा दम आर्जवः।
प्रीतिः प्रसादो माधुर्य मार्दवं च यमा दश।।

**भावार्थ** : निर्दयी, क्षमाशील, सत्यवादी, अहिंसक, गतिशील (अपनी प्रवृत्तियों पर विजय प्राप्त करना), ईमानदारी न होना। प्रेम, स्पष्ट और सरल विचार, सभी के प्रति दया और दया, इन दस आज्ञाओं और कर्तव्यों को शास्त्रों द्वारा नैतिक गुणों के लिए समझाया गया है।

## सम्पादकीयम्

## इन्दौर जलसंकट

इन्दौर : जलसम्बद्धाः मृत्युसङ्ख्याः गुप्ताः, नगरं स्वच्छतायाः क्रमाङ्केषु निरन्तरं शीर्षस्थाने अस्ति स्थानीयनिवासिनः आरोपयन्ति यत शिकायतां बावजूदपि इन्दौरनगरे दूषितपेयजलस्य कारणेन मृत्योः विषये कोऽपि कार्यवाही न कृता। उच्चन्यायालयस्य हस्तक्षेपस्य अभावेऽपि मृत्योः आँकडानि गोपनस्य प्रयासाः अद्यापि प्रचलन्ति। एषा घटना देशे स्वच्छपेयजलस्य अभावं, उत्तमजलव्यवस्थापनस्य तात्कालिकं आवश्यकतां च प्रकाशयति। इन्दौरे दूषितजलस्य कारणेन मृत्युः नवीदिल्ली-स्वच्छताक्रमाङ्के निरन्तरं शीर्षस्थाने स्थिते इन्दौरनगरे दूषितपेयजलस्य कारणेन मृत्योः प्रमादस्य परिणामः अस्ति। जलस्य गुणवत्तायाः विषये बहुवारं शिकायतां कृत्वा अपि कोऽपि कार्यवाही न कृता इति स्थानीयजनाः आरोपयन्ति। तथा च दुर्भाग्येन एतादृशी महती घटनायाः अनन्तरम् अपि न्यायालयेन हस्तक्षेपं कृत्वा स्वच्छपेयजलस्य व्यवस्थापनस्य आदेशः दातव्यः अस्ति। भिन्न-भिन्न आकृतयः। मध्यप्रदेश उच्चन्यायालये सुनवायीकाले नगरनिगमेन दाखिले स्थितिप्रतिवेदने दूषितपेयजलकारणात् केवलं चत्वारि मृत्योः इति उक्तं, यदा तु स्थानीयः मेयरः १० मृत्योः दावान् करोति, अन्ये च स्त्रोताः एतस्य संख्यां १५ इति स्थापयन्ति, मृतानां संख्यायाः विषये वादविवादः सिद्धयति यत् अस्मात् घटनातः शिक्षितुं स्थाने अद्यापि तत् व्याप्तुम् प्रयत्नः क्रियते। दूषितपानजलस्य कारणेन एकः अपि मृत्युः लज्जाजनकः अस्ति।

### रश्मिकायाः विजयस्य च विवाहस्य हल्दीसमारोहस्य

## फोटो वायरल् भवन्ति; वसन्त-प्रेरित-वर्णेषु परिधाय दम्पती प्रशंसकानां



ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

दक्षिणभारतीयचलच्चित्रक्षेत्रस्य प्रमुखानां ताराणां रश्मिकामण्डन्ना विजयदेवराकोण्डयोः विवाहः अद्यकाले सामाजिकमाध्यमेषु चलच्चित्रजगति च चचार्याः प्रमुखः विषयः अभवत् उदयपुरस्य विलासपूर्णे होटेले आयोजिते पारम्परिकसमारोहे फरवरी 26 दिनाङ्के एतयोः विवाहः अभवत्। विवाहस्य अनन्तरं तेषां विविधविवाहपूर्वोत्सवानां छायाचित्रं निरन्तरं प्रकाशमानं भवति, विशेषतः हल्दी समारोहस्य चित्राणि प्रशंसकानां ध्यानं आकर्षितवन्तः। अद्यैव रश्मिका मण्डन्ना स्वस्य आधिकारिक इन्स्टाग्राम खाते हल्दी समारोहस्य अनेकाः छायाचित्राणि साझां कृतवती; एतानि चित्राणि शीघ्रमेव अन्तर्जालमाध्यमेन वायरल् अभवन्, येन प्रशंसकानां प्रचण्डप्रतिक्रिया उत्पन्ना।

हल्दी समारोहस्य छायाचित्रेषु द्वयोः तारकयोः वसन्तस्य जीवन्तवर्णैः प्रेरितपरिधानैः परिधानं दृश्यते। दम्पत्योः रूपं अविश्वसनीयतया सजीवं मनोहरं च दृश्यते-एतावत् यत् प्रशंसकाः एतत् आयोजनं परिकथाविवाहोत्सवात् न्यूनं नास्ति इति वर्णयन्ति। रश्मिका विजयः च चित्रेषु दृश्यमानरूपेण प्रसन्नाः उत्साहिताः च दृश्यन्ते, येन स्पष्टतया प्रतिबिम्बितम् यत् ते अपार उत्साहेन, उष्णपरिवारकेन्द्रितवातावरणे च एतत विशेषदिनम् आचरितवन्तः।

हल्दी समारोहाय द्वयोः कलाकारयोः धारितानां परिधानानाम् डिजाइनं प्रसिद्धेन फैशन डिजाइनर अनामिका खन्ना इत्यनेन कृतम्। छायाचित्रं साझां कुर्वन्ती रश्मिका तेषां दृष्टिः सुन्दरं यथार्थरूपेण परिणमयितवती इति अवलोक्य डिजाइनरं प्रति विशेषं कृतज्ञवचनं प्रसारितवती फैशनजगति अनामिका खन्ना स्वस्य अद्वितीयशैल्याः कृते प्रसिद्धा अस्ति-पारम्परिकभारतीयसौन्दर्यशास्त्रस्य आधुनिकसंलयनम्-अस्य समारोहस्य कृते अपि निर्मितसमूहेषु सः हस्ताक्षरस्य भावः स्पष्टतया स्पष्टः आसीत्।

हल्दी समारोहाय विजयदेवराकोण्डा मृदुगुलाबीवर्णे सेट् पेस्टल् कुर्ता धारितवान्, यस्मिन् जटिलपुष्पकशीदाकारः आसीत्। तस्य कुतार्यां सुकुमारबेलानां, पुष्पाणां, पत्राणां च जटिलकशीदाकारः आसीत्, येन तस्मै अविश्वसनीयरूपेण आकर्षकं, अल्पमूल्यं च रूपं प्राप्यते स्म सः स्थूलसुवर्णशृङ्खलाया, स्टाइलिश-धूपचक्षुषः च सह स्वस्य समूहं सम्पन्नवान्, येन तस्य व्यक्तित्वं अधिकं आकर्षकं दृश्यते स्म। विजयस्य एषः रूपः सामाजिकमाध्यमेषु महत्त्वपूर्णं प्रशंसाम् आकर्षयति, प्रशंसकाः तं पारम्परिकवेषे सर्वथा भव्यं इति वर्णयन्ति।

### नेताजीसुभाषचन्द्रबोस

## चिकित्सा-महाविद्यालये चिकित्सामण्डलेन वृद्धस्य

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

नेताजीसुभाषचन्द्रबोस-चिकित्सा-महाविद्यालये चिकित्सामण्डलेन वृद्धस्य चिकित्सापरीक्षायाः व्यवस्थां कृत्वा न्यायालये विस्तृतं प्रतिवेदनं प्रस्तूयताम्। न्यायालयेन अपि स्पष्टीकृतं यत् केवलं अस्य चिकित्साप्रतिवेदनस्य आधारेण एव भविष्यस्य कार्यपद्धतिः निर्धारिता भविष्यति।

पूर्वसुनवाये यदा न्यायालये चिकित्साप्रतिवेदनं प्रदत्तम् तदा तत्र ज्ञातं यत् वृद्धः अनेकैः गम्भीरैः रोगैः पीडितः अस्ति, अतः तस्य व्यापकं चिकित्सामूल्यांकनस्य आवश्यकता आसीत् प्रतिवेदने इदमपि सूचितं यत् सम्बन्धित-अस्पताले अन्तः व्यसन-निवृत्ति-उपचार-सुविधा प्रचलति, या अखिल-भारतीय-चिकित्सा-विज्ञान-संस्थायाः, नवी-दिल्ली-इत्यनेन सह समन्वयेन कार्यं करोति चिकित्सामण्डलेन अनुशंसितं यत् वृद्धः उत्तमचिकित्सां प्राप्तुं अस्मिन् एव सुविधायां प्रवेशं प्राप्नुयात्।

सम्बद्धानां सर्वेषां पक्षानाम् सहमत्या उच्चन्यायालयेन चिकित्सामण्डलस्य अनुशंसाः स्वीकृत्य पूर्वोक्तव्यसननिवृत्तिकेन्द्रे वृद्धस्य प्रवेशार्थं निर्देशाः जारीकृताः। परन्तु न्यायालयेन एतदपि सुनिश्चितं यत् वृद्धस्य अधिकारस्य किमपि उल्लङ्घनं न भवेत् इति सम्पूर्णप्रक्रियायाः पारदर्शकरूपेण निरीक्षणं भविष्यति। सोमवासरे आयोजिते नवीनतमसुनवाये विभागपीठाय सूचितं यत् वृद्धः मानसिकरूपेण स्वस्थः अस्ति; तथापि सः अनेकैः शारीरिकरोगैः पीडितः अस्ति येषां चिकित्सायाः आवश्यकता वर्तते। तद्विपरीतम्, सः द्रव्यव्यसनेन पीडितः इति, कृतं पदं सर्वथा तस्य हिताय एव इति परिवारः स्वस्य वृत्तिम् पुनः अवदत्। एषा विरोधाभासपूर्णा स्थितिः न्यायालयस्य कृते एकं चुनौतीपूर्णं दुविधां जनयति, एकस्मिन् पार्श्वे व्यक्तिगतस्वतन्त्रतायाः।

## मृत्युकारणं प्रकटयन्ति चिकित्सालयं प्राप्ते वैद्याः

ब्रह्मास्त्र ›› जमशेदपुर

घटनास्थले उपस्थिताः जनाः तत्क्षणमेव परिस्थितेः गुरुत्वाकर्षणं अवगत्य तस्य कण्ठात् रसगुल्लां निष्कासयितुं प्रयतन्ते स्म, परन्तु ते असफलाः अभवन् ललितस्य स्थितिः तीव्रगत्या क्षीणतां दृष्ट्वा तस्य पिता त्वरितरूपेण समीपस्थं एमजीएम-अस्पतालं प्रति प्रेषितवान्। चिकित्सकाः मृत्युकारणं प्रकटयन्ति चिकित्सालयं प्राप्ते वैद्याः ललितस्य परीक्षणं कृतवन्तः, परन्तु सः पूर्वमेव स्वर्गं गतः आसीत्। तं मृतं घोषयन्तः वैद्याः व्याख्यातवन्तः यत् रसगुल्ला तस्य वायुनलिकां सम्पूर्णतया अवरुद्धवान् इति। वैद्यानां मते वायुनलिकेः अवरोधेन तस्य शरीरस्य प्राणवायुः च्छिन्नः अभवत्, येन केवलं कतिपयेषु निमेषेषु एव ललितस्य मृत्युः अभवत्। शवपरीक्षायाः अनन्तरं पुलिसैः ललितस्य शवः अन्तिमसंस्काराय तस्य परिवारजनेभ्यः समर्पितः।

## राशिफल

**मेष** : कुल मिलाकर लाभ के संकेत हैं। खर्च बढ़ेंगे। परिवार की सेहत का ध्यान रखें, खासकर माता-पिता की सेहत को देखें।

**वृषभ** : आत्मविश्वास में कमी भी रहेगी। धैर्यशीलता से लवलाइफ में काम लें। अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें।

**मिथुन** : इस समय आपकी इनकम में वृद्धि भी होगी। परिवार का सपोर्ट हर जगह आपको मिलेगा।

**कर्क** : शैक्षिक व शोधादि कार्यों में सफल रहेंगे, खासतौर पर इनमें तरक्की मिलेगी। नौकरी में बदलाव के साथ तरक्की हो सकती है।

**सिंह** : आपको इस समय पार्टनर की केयर करनी है। शैक्षिक कार्यों में दिक्कतें आ सकते हैं। सचेत रहें।

**कन्या** : इस समय कुछ भी करके संयत रहें। किसी दोस्त से धन मिलने के चांस हो सकते है।

**तुला** :मन प्रसन्न रहेगा। आपका आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। पिता की सेहत का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** : कारोबार के लिए माता से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार के लिए परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**धनु** : हालांकि आपके आत्मविश्वास में भी कमी रहेगी। इस समय नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मकर** : आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है।

**कुंभ** : परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। पार्टनर की तरफ से सरप्राइज गिफ्ट मिल सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**मीन** : लव लाइफ में आज ज्यादा से ज्यादा बातचीत की जरूरत है। अतिरिक्त पेशेवर जिम्मेदारियां लें।

### ज्योतिष/वास्तु

## कर्मफल दाता शनि बदलेंगे अपनी चाल, इन राशियों के जीवन में आएगा सुखद बदलाव और मिलेंगी अच्छी खबरें

न्याय और कर्मफलदाता शनि जल्द ही उत्तराभाद्रपद के तीसरे पद में प्रवेश करने वाले हैं। ऐसे में कुछ राशि वालों के ऊपर इसका शुभ और सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकता है।

ज्योतिष शास्त्र में शनि को सबसे ज्यादा प्रभावशाली ग्रह माना जाता है। शनि न्याय, कर्म, धैर्य और अनुशासन आदि का कारक ग्रह माना जाता है। सभी ग्रहों मे शनि एक मात्र ही ऐसे ग्रह हैं जो सबसे धीमी गति से चलने वाले ग्रह हैं। यह किसी एक राशि में करीब ढाई वर्षों तक रहते हैं। जब-जब शनि की चाल में बदलाव आता है तो इसका विशेष प्रभाव सभी 12 राशियों के जातकों के ऊपर देखने को मिलता है। शनि राशि बदलने के साथ-साथ नक्षत्र परिवर्तन भी करते हैं, जिसका प्रभाव भी सभी राशियों के लोगों के ऊपर पड़ता है। शनि अभी



गुरु के स्वामित्व वाली राशि मीन और उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में विराजमान हैं। शनिदेव 21 मार्च 2026 को नक्षत्र पद परिवर्तन करने वाले हैं। शनि के उत्तराभाद्रपद नक्षत्र के तीसरे पद में परिवर्तन कई राशि वालों के लाभकारी साबित हो सकता है। आइए जानते हैं किन राशियों के ऊपर इसका प्रभाव पड़ेगा।

**मेष राशि-** मेष राशि वालों के लिए शनि 12वें भाव में विराजमान हैं। ऐसे में आपके लिए शनि की साढ़ेसाती का पहला चरण जारी है। शनि के अस्त होने और फिर नक्षत्र पद परिवर्तन करने से इस राशि वालों की सेहत में सुधार देखने को मिल सकता है। लंबे समय से चली आ रही परेशानियों से आपको मामूली राहत मिल सकती है। किस्मत का भरपूर लाभ मिलेगा आपकी आर्थिक स्थिति में गिरावट देखने को मिल सकती है। साथ ही कर्जों से राहत भी मिलेगी।

**सिंह राशि-** सिंह राशि वालों के लिए शनि आठवें भाव में विराजमान हैं। कुंडली का आठवां भाव अचानक से हानि दुर्घटना और आय से जुड़ा हुआ होता है। ऐसे में शनि के अस्त होने और नक्षत्र पद परिवर्तन करने से सिंह राशि वालों की नौकरी और बिजनेस में लाभ के आसार हैं। जो परेशानियां लंबे समय से चली आ रही थी वह समाप्त होगी। इस दौरान आर्थिक स्थिति में सुखद बदलाव देखने को मिलेगा।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों के लिए शनि का उत्तराभाद्रपद नक्षत्र के तीसरे पद में जाना बहुत ही लाभकारी साबित होगा। आपकी राशि में शनि चौथे भाव में अस्त अवस्था में विराजमान हैं। ऐसे में आपको व्यापार से जुड़ी कई तरह की परेशानियों का अंत हो सकता है। मानसिक शांति की प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में मनचाहा लाभ आपको प्राप्त हो सकता है। आप अपने शत्रुओं पर विजय हासिल करने में कामयाब होंगे।

ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, गुरुवार 19 मार्च, 2026



## खबर एक नजर...

### 3 दोस्तों की मौत के जिम्मेदार आयशर चालक पर केस दर्ज

**उज्जैन।** उन्हेल-नागदा मार्ग पर ग्राम गोयला बुजुर्ग और ढाबला के बीच मंगलवार सुबह हुई कार और आयशर के बीच हुई भिड़ंत में अब्दालपुरा के रहने वाले देवेन्द्र जोशी, कैलाश शर्मा और सिंधी कालोनी निवासी सुरेश नवलानी की मौत हो गई थी। तीनों मृतकों का साथी प्रवेश मारोठिया निवासी इंद्रानगर घायल हुआ था। भैरवगढ़ पुलिस ने मृतकों के पोस्टमार्टम कराने के बाद दुर्घटना के बाद आयशर क्रमांक एमपी 13 जीबी 0341 छोड़कर भागे चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने की धारा 281, 125-ए, 106 (1) में प्रकरण दर्ज कर लिया है। कार सवार चारों दोस्त सांवरिया सेठ दर्शन करने जा रहे थे। उसी दौरान तेजगति से आई लहसुन से भरी आयशर ने टक्कर मारी थी।

### बीच-बचाव करने पहुंचे ग्रामीण पर लोहे के पल्टे से हमला

**उज्जैन।** इंगोरिया के ग्राम जहांगीपुर में रहने वाले कैलाश पिता शोभाराम परिहार 38 साल पर मंगलवार-बुधवार रात ग्राम में रहने वाले हलवाई नरेन्द्र ने लोहे के पल्टे से हमला कर दिया। नरेन्द्र ने जाति सूचक शब्द कहे। कैलाश को गंभीर चोंट लगने पर परिजन उसे उज्जैन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस ने मामले में मारपीट के साथ एससी/एसटी एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज किया है। घायल कैलाश ने बताया कि वह बस स्टेंड पर रात में बीडी लेने गया था। जहां नरेन्द्र और गांव के एक व्यक्ति के बीच विवाद हो रहा था। दोनों को झगड़ा करते देख बीच-बचाव करने पहुंचा तो नशे में धुत्त नरेन्द्र ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

### सिमलावदा के शराब तस्कर ने कबूला मुख्य आरोपी का नाम

**उज्जैन।** भाटपलाना थाना क्षेत्र की रूनिजा चौपाटी से घेराबंदी में रविवार-सोमवार रात इको कार क्रमांक एमपी 43 झेडजी 5449 से शराब तस्करी कर रहे रतलाम के बिलपांक थाना क्षेत्र के ग्राम सिमलावदा में रहने वाले प्रेमसिंह उर्फ पिंटू बंजारा को पुलिस ने गिरफ्तार कर 200 बोतल देशी-विदेशी शराब की बरामद की थी। तस्कार को न्यायालय में पेश कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया था। बुधवार को रिमांड अवधि खत्म होने से पहले तस्कर ने मुख्य शराब तस्कर सतीश चौधरी निवासी धार का नाम कबूल कर लिया। 2 दिनों तक वह लगातार पुलिस को बरगला रहा था। कभी कानवन से लाना तो कभी इंदौर से शराब लाना बता रहा था। रिमांड खत्म होने पर भाटपचलाना थाना पुलिस ने बुधवार दोपहर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। विदित हो कि तस्कर से 1.13 लाख की शराब और 6 लाख कीमत की कार जप्त की गई थी।

### रास्ता रोक अज्ञात आरोपियों ने युवक से की मारपीट

**उज्जैन।** नागदा के राम सराय मार्ग पर रहने वाला विजयसिंह पिता बालमुकुंद राठौर 47 साल रात में सब्जी मंडी नीलामी स्थल से घर लौट रहा था। उसी दौरान 2 से 3 अज्ञात बदमाशों ने उसे रोक लिया और बिना कारण मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। विजयसिंह ने अपने साथ हुई मारपीट की शिकायत थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी पहचान के लिये मंडी क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पहचान करने की बात कहीं है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 368-7 | 480-2 |
| मेन बाजार | 259-6 | 370-0 |
| मिलन डे | 259-6 | 370-0 |
| मिलन नाइट | 150-6 | 248-4 |

1 4 6

### ग्रामीण श्रद्धालु बडी संख्या में शहर आए, कालियादेह पैलेस 52 कुंड पर मेला लगा

# भूतड़ी अमावस्या का नहान निपटा,घाटों पर गंदगी समेटी





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बुधवार को भूतडी अमावस्या का नहान करने ग्रामीण क्षेत्रों से बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर शिप्रा के अनेक घाटों पर स्नान किया है। मुख्य केंद्र कालियादेह पैलेस 52 कुंड पर रहा। गुरूवार को नवसंवत्सर के अवसर पर शिप्रा के रामघाट पर सूर्योदय को अर्ध्य दिया जाएगा। नव वर्ष गुडीपडवा का शंखनाद होगा।

बुधवार को शहर में ग्रामीण श्रद्धालुओं की गहमागहमी रही है। बस स्टैंड से लेकर रेलवे स्टेशन तक पुरी तरह से खचाखच भरे रहे हैं। मालवा में भूतडी अमावस्या के स्नान को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूझान रहता है। मान्यता अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों से तंत्र के जानकार एवं ओझाओं के साथ कई ग्रामीण कालियादेह पैलेस पर स्नान करने पहुंचे और यहां बूरी आत्माओं के लिए पूजन भी किया गया।

- **घूमे और झूमे भी-** ग्रामीण क्षेत्रों से कई ग्रामीण ओझाओं एवं तंत्र मंत्र के जानकारों के साथ आए और कालियादेह पैलेस 52 कुंड में इस दौरान उनमें से कुछ ग्रामीण पानी में जाने के बाद झूमने लगे। इस दौरान साथ आए ओझाओं ने ऐसे लोगों से पूजन अर्चन करवाया एवं उसके उपरांत बूरी आत्मा के प्रभाव से मुक्ति का दावा भी किया। मान्यता अनुसार भूतड़ी अमावस्या पर बावन कुंड में डूबकी लगाने से भूत-प्रेत बाधाओं से मुक्ति मिलती है। बावन कुंड का नजारा कुछ ऐसा रहा कि यहां प्रेत बाधाओं से पीड़ित लोगों को यहां बने कुंड में स्नान करवाया गया। इनमें से कोई अपनी जीभ निकालकर झूमते हुए कुंड में डूबकी लगा रहा था तो कुछ के हाथ में तलवार दिखाई दी। अधिकांश ग्रामीणों ने यहां शिप्रा के जल में स्नान किया और देव दर्शन करते हुए दान पुण्य किया। सुबह से शिप्रा के रामघाट एवं अन्य घाटों पर भी बडी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालुओं ने पहुंचकर स्नान कर देव दर्शन किए हैं।
- **बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन पर रही भीड़-** ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं की भीड मंगलवार रात से बढने लगी थी। बुधवार सुबह होने के साथ ही यह श्रद्धालुओं की संख्या का आंकडा अच्छा खासा हो गया था। पुराने शहर के गोपाल मंदिर एवं शिप्रा किनारे के हिस्सों में श्रद्धालुओं की संख्या अच्छी खासी देखी गई। वापसी के लिए भी बस स्टैंड क्षेत्र में दिन भर ग्रामीण श्रद्धालुओं की संख्या बढने से बसें ग्रामीण क्षेत्रों के लिए खचाखच भरकर रवाना होती रही। लोकल ट्रेनों के लिए भी बडी संख्या में ग्रामीण स्टेशन पर पहुंच रहे थे। स्टेशन पर भी इनकी काफी संख्या रही है।
- **तर्पण के लिए पहुंचे श्रद्धालु-** चैत्र महीने की अमावस्या का विशेष धार्मिक महत्व है। इसे भूतड़ी अमावस्या के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता अनुसार मंगलवार से ही सिद्धवट एवं गया कोटा तीर्थ पर पितरों का श्राद्ध और तर्पग करने से लिए श्रद्धालु पहुंच रहे थे। बुधवार को अमावस्या के योग में भी परिवार में सुख समृद्धि और पितृ दोष से मुक्ति के लिए इन स्थानों पर पितरों का श्राद्ध एवं तर्पण किया गया है।

### निगम आयुक्त पहुंचे घाट

बुधवार को अमावस्या स्नान के उपरांत नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा शिप्रा तट पहुंचे और उन्होंने घाट पर उज्जयिनी गौरव दिवस विक्रम उत्सव 2026 के तहत सृष्टि आरंभ दिवस के अंतर्गत गुरूवार को यहां आयोजन की तैयारी देखी। उन्होंने अधिकारीयो को निर्देशित किया कि नगर पालिक निगम द्वारा विशेष सफाई अभियान के अंतर्गत 50 से अधिक सफाई मित्रों द्वारा स्वच्छ शिप्रा कवच के रूप में घाटों की सफाई व्यवस्था कर स्वच्छता का संदेश दिया जाए, घाट पर विशेष सफाई व्यवस्था के साथ जीरो वेस्ट के अंतर्गत पॉलीथिन, दोना, अमानक डिस्पोजल घाटों पर कपड़े धोना प्रतिबंधित करें, घाट पर श्रद्धालुओं के स्नान के लिए सूचना संकेतक, वस्त्र बदलने का स्थान, चलित शौचालय का प्रबंध किया जाए, विद्युत पोल पर अनावश्यक तार हटाने, दीवारों पर वॉल पेंटिंग स्वच्छता स्लोगन, श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सफाई मित्रों एवं आउटसोर्स सफाई मित्रों से चर्चा की। गुढी पड़वा पर रामघाट एवं दत्त अखाड़ा सहित समस्त घाटों पर समुचित सफाई व्यवस्था के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिए। अमावस्या पर्व के अवसर पर रामघाट का महापौर मुकेश टटवाल द्वारा अवलोकन किया गया अवलोकन में महापौर श्री मुकेश टटवाल ने स्वास्थ निरीक्षक को निर्देशित किया कि घाट पर श्रद्धालुओं के लिए समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्नान के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा छोड़े गए वस्त्र, पूजन सामग्री को शीघ्र सफाई कर घाट को स्वच्छ किया जाए ।

## धार्मिक ग्रंथ की पढ़ाई करने वाले छात्र ने लगाई फांसी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ईसाई समाज के धार्मिक ग्रंथ की पढ़ाई करने वाले छात्र ने मंगलवार-बुधवार रात फांसी लगा ली। उसे साथी छात्रों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। चिमनगंज थाना एसआई दिनेश भट्ट ने बताया कि आगररोड स्थित ग्राम चककमेड में ईसाई समाज का कॉलेज रूहालय बना हुआ है। जहां धार्मिक ग्रंथ की पढ़ाई करने वाले केरल के छात्र मैथ्यू पिता जोसेफ 22 साल के फांसी लगाने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजा गया और मामले में मर्ग कायम किया गया। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद छात्र का शव केरल ले जाया गया है। एसआई के अनुसार प्रारंभिक जांच के दौरान कॉलेज के अन्य छात्रों से जानकारी लेने पर पता चला कि पढ़ाई को लेकर तनाव में था।

## शराब के साथ युवक के पास मिली नकली पिस्टल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बाइक सवार के पास अवैध शराब होने की खबर मिलने पर उसे गिरफ्तार करने के लिये पुलिस ने नाकाबंदी की। युवक को पकड़ा गया तो शराब के साथ उसके पास से पिस्टल बरामद हुई, जो नकली होना सामने आई।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि मंगलवार-बुधवार रात खबर मिली थी कि रूनिजा की ओर से बाइक क्रमांक एमपी 11 एमडब्ल्यू 7892 पर सवार युवक झोले में शराब छुपाकर भाटपचलाना की ओर आ रहा है। युवक को पकड़ने के लिये एएसआई शैतानसिंह डिंडोर, प्रधान आरक्षक हरगोविंदसिंह, आरक्षक जीवन जाट, सुंदरलाल भंवर, राजेश सोयल और हितेश निम्बोला के साथ रूनिजा मार्ग बड़ी पुलिया के पास नाकाबंदी की गई। कुछ देर बाद बाइक सवार आता दिखाई दिया। जिसके पास डबल डायमंड चायपत्ती का झोला था। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। झोले में कच्ची जहरीली शराब की केन रखी पाई गई। शराब के साथ बाइक को जप्त कर युवक को थाने लाया गया। जहां पूछताछ में उसका नाम दीपक पिता रतनलाल नरवरिया निवासी नागदा कानवन सामने आया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 49 ए का प्रकरण दर्ज किया गया।

बताया जा रहा है कि आरोपी युवक को शराब के साथ गिरफ्तार करने के बाद थाने लाकर प्रकरण दर्ज किया गया और रात में लॉकअप में बंद करने से पहले उसकी तलाशी ली गई। इस दौरान उसके पास से कमर में छुपाकर रखी पिस्टल बरामद हुई।

### तीन साल में हर 15 दिन में एक शिकायत, मजमा वही हर बार एक-दो बिंदु बदले

# संभागीय आयुष अधिकारी बनाम गुमनाम शिकायतों का लक्ष्य

### शिकायतों में आरोप सूचीबद्ध, लेकिन शिकायतकर्ता सामने आने को तैयार नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

संभागीय आयुष अधिकारी डा. ज्योति पांचाल बनाम गुमनाम शिकायतों का लक्ष्य बना हुआ है पिछले तीन साल में हर 15 दिन में एक शिकायत उनकी हुई है। शिकायत का मजमा वही रहता है हर बार एक झदो बिंदु उसमें बदले हुए रहते हैं। शिकायतों के आरोप फेहरिस्तवार हैं लेकिन कोई भी सामने आने को तैयार नहीं है। एक बार फिर से गंभीर आरोपों के साथ यह शिकायत हुई है। शिकायतों को डा. पांचाल ने सिरे से नकार दिया और कहा कि विभागीय वरिष्ठालय को स्वयं जांच का निवेदन हर बार किया गया है। उनका कहना है कि व्यक्तिगत बचाव के लिए कतिपय स्तर पर ऐसा किया जा रहा है।

संभागीय आयुष अधिकारी को लेकर एक बार फिर शिकायतों का मजमून प्रशासनिक स्तर पर छाया हुआ है। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संभागायुक्त और समाचार पत्रों को शिकायत का मजमून भेजा गया है। इसमें उन पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। यहां तक की विभागीय आयुक्त की विडियो कांफ्रेंस की अवहेलना का आरोप भी शामिल है।

**ये आरोप लगाए गुमनाम शिकायत में-** प्रभारी संभागीय अधिकारी का मूल पद जिला आयुष अधिकारी का है। इंदौर से अपडाउन कर रही है दिखावे के लिए एक शासकीय फ्लेट ले रखा है । कर्मचारियों व अधिकारियों के काम प्रभावित हो रहे हैं। कम्पाउण्डर को संभागीय कार्यालय में अटेच कर रखा है। उसके पास समस्त शाखाओं के दायित्व हैं। उसके मार्फत आर्थिक शोषण को अंजाम दिया जा रहा है। 24 अक्टूबर को आयुक्त आयुष की विडियो कॉन्फेसिंग में अनुपस्थित रही बैठक खत्म होते समय गोलमोल झूठे जवाब दिए गए। औषधालयों को बंद करवाना की कार्य पद्धति । औषधालयों की व्यवस्थाओं को बिगाड रही। कागज पर झूठी ओपीडी बढाने का दबाव ।वरिष्ठ अधिकारियों के नाम से विभाग के चिकित्सक एवं कर्मचारियों पर दबाव। सीआर बिगाडने की धमकी । जिला अधिकारियों द्वारा भेजी गई सीआर में स्वार्थ के लिए सुधार कर रही ।

**जिला आयुष अधिकारियों को भी सीआर खराब करने की धमकी-** कुछ नवनियुक्त चिकित्सा अधिकारियों से ज्वॉइनिंग / वेतन निकालने को लेकर दबाव की स्थिति। कर्मचारियों के समयमान वेतनमान लगाने को लेकर भी आर्थिक शोषण के आरोप लगाए गए हैं। इस शिकायत की एक प्रति दैनिक अवंतिका को भी प्रेषित की गई है ।शिकायत में डॉ. पांचाल के कृत्यों की जॉच कर पर तत्काल अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग रखी गई है।

**पिछले तीन सालों से हर 15 दिन में शिकायत-** शिकायत में लगे आरोपों को संभागीय आयुष अधिकारी डा.ज्योति पांचाल ने सिरे से नकारते हुए कहा कि गुमनाम एवं अज्ञात शिकायत पर वरिष्ठालय से निर्देश स्पष्ट हैं। वरिष्ठ अधिकारियों की जानकारी में हैं कि मेरा मुख्यालय पर निवास है। जो चिकित्सक डयूटी पर नहीं जाते हैं उन पर कार्रवाई की जाना शासन पक्ष को मजबूत किया जाना है। कार्यालय में कर्मचारी की मांग को देखते हुए वरिष्ठालय के संज्ञान में लाकर ही कर्मचारी से संभागीय कार्यालय में कार्य लिया जा रहा है। पुराने कर्मचारी कंम्प्यूटर पर काम करने में सक्षम नहीं होने की स्थिति में ऐसा किया गया। तीन वर्षों से कर्मचारी की मांग लंबित है ।2 बाबू की डयूटी जनगणना के कार्य में लगी है ।डा. पांचाल के अनुसार जब से वे यहां पदस्थ हुई हैं उसके बाद से ही हर 15 दिन में एक शिकायत उनकी की जा रही है मजमून हर बार एक सा होता है उसके एक-दो बिंदु बदल दिए जाते हैं। इन गुमनाम शिकायतों की जांच के लिए उन्होंने स्वयं ही मुख्यालय को अपनी और से पत्र लिखा है। हाल की शिकायत के लिए आयुक्त आयुष विभाग को भी अवगत करवाते हुए पुलिस अधीक्षक को भी इससे संबंधित पत्र दिया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com